CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 306 | राजनांदगांव, शनिवार 26 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## 'जनता के मन से भ्रम दूर करना जरूरी', एनडीए सहयोगियों ने चुनाव आयोग से मांगी सफाई

**नई दिल्ली।** भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) की निष्पक्षता को लेकर देशभर में उठ रहे सवालों पर अब विपक्ष के साथ-साथ सत्ता दल के लोग भी चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण की मांग कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाह ने शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चुनाव आयोग से अपील की है।

उन्होंने मतदाता सूची से जुड़े विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता में काफी उलझन पैदा हो गई है। उन्होंने चुनाव आयोग से अविलंब सही स्थिति स्पष्ट करने की अपील की है। वे एनडीए सहयोगी होने के बावजूद चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और जनता के भ्रम दूर करने पर जोर दे रहे हैं। एएनआई की पहले की रिपोर्टों के मुताबिक, बिहार विधानसभा चुनाव के समय जब उपेंद्र कुशवाह से स्ढ्ढक्र को लेकर सवाल किए गए थे तो उन्होंने विपक्ष के सवालों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस की स्ढ्ढक्र को लेकर की गई रैली पर सवाल उठाते हुए कहा था कि अगर वास्तव में लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए




होते तो लोग सड़कों पर उतर आते। चुनाव परिणाम के बाद उन्होंने कहा कि स्ढ्ढक्र कोई मुद्दा नहीं था। उन्होंने विपक्ष के खराब प्रदर्शन को जनता के फैसले से जोड़ते हुए कहा था कि बिहार के लोगों ने उन्हें खारिज कर दिया है।

### 14 आपत्तियों के बाद बढ़ा विवाद

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट सामने आने के बाद देश में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर विपक्ष हमलावर हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में आयोग के कई फैसलों और निर्देशों पर कम से कम 14 बार आपत्ति दर्ज की थी। रिपोर्ट में नए मतदाताओं के फॉर्म, वोटर डेटा, नाम जोड़ने-हटाने और चुनाव आयोग के डिजिटल सिस्टम से जुड़े मुद्दों का उल्लेख है।

### चुनाव आयोग ने क्या कहा?

रिपोर्ट के बाद चुनाव आयोग ने इन आपत्तियों को अंतिम फैसलों में मतभेद मानने से इनकार किया। आयोग का कहना है कि काम के दौरान सवाल, सुझाव और अलग राय सामने आना सामान्य प्रक्रिया है। आयोग ने यह भी कहा कि एसआईआर समेत उसके अंतिम फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सहमति से लिए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ में बाढ़ का कहर... 300 से अधिक गांव बने टापू, रेल-सड़क और हवाई यात्रा बाधित, सभी 7 जिलों में स्कूल बंद



**जगदलपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने गहरे अवदाब के प्रभाव से पिछले तीन दिनों से बस्तर संभाग में त्राहि-त्राहि मच गई है। इंद्रावती, शबरी सहित सभी नदियां उफान पर हैं और खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पड़ोसी राज्य ओडिशा में इंद्रावती नदी स्थित खातीगुड़ा और इसकी सहायक नदी मुरान के बांध के गेट खोलने से स्थिति बिगड़ गई है।

तीन सौ से अधिक गांव बाढ़ से घिरकर टापू बन गए हैं। नगरनार क्षेत्र के भेजापदर, तोकापाल के घाट धनोरा आदि एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित निकालकर राहत शिविरों में भेजा गया है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार सौ से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### रेल, सड़क और हवाई यातायात बुरी तरह ठप

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 रायपुर-कोटा और राष्ट्रीय राजमार्ग-63 जगदलपुर-बीजापुर-भोपालपटनम कई जगहों पर बाधित हो गया है। किरंदुल-कोत्तावालसा रेललाइन कोरापुट रेलखंड में चार जगहों पर भू-स्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे ट्रेनें बंद हो गई हैं। सड़क परिवहन पहले से ही बाधित है। हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर फ्लाइट दो दिनों से बंद है। रेलमार्ग बहाल होने में तीन से चार दिन का समय लग सकता है। सभी ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। बाढ़ आपदा को देखते हुए संभाग के सभी सातों जिलों में शुक्रवार को छुट्टी कर दी गई। दक्षिण में कोंटा नगर से लेकर यहां जगदलपुर में निचली बस्तियों में पानी भरने से कई मकान डूब गए हैं। सभी जिलों में प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है।

संभाग में 50 से अधिक राहत शिविर बनाए गए हैं। सर्वाधिक नुकसान सुकमा, बीजापुर और बस्तर जिले में देखा जा रहा है। सांसद महेश कश्यप बाढ़ प्रभावित टापू बने गांव भेजापदर अधिकारियों के साथ स्वयं मोटरबोट से पहुंचे थे।

## सीईसी को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए- इलेक्शन कमीशन विवाद पर बोले पी. चिदंबरम

**नई दिल्ली।** इलेक्शन कमीशन को लेकर जारी विवाद अब और गहराता नजर आ रहा है। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री और कांग्रेस सांसद पी. चिदंबरम ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग का खुलकर समर्थन किया है। चिदंबरम ने कहा कि उन्होंने पहले भी सीईसी के तत्काल इस्तीफे की मांग की थी और अब राहुल गांधी की इसी मांग का वह पूरा समर्थन करते हैं।

यही नहीं उन्होंने इलेक्शन कमीशन की कार्यप्रणाली और फैसले लेने के तरीके पर भी सवाल उठाए। चिदंबरम का कहना है कि इलेक्शन कमीशन एक मल्टी-मेंबर बॉडी है और फैसले आम सहमति, एकमत या बहुमत के आधार पर होने चाहिए। उनका आरोप है कि सीईसी अपने विचार को पूरे आयोग के फैसले के तौर पर पेश नहीं कर सकते। उन्होंने इसे कानून और संविधान के खिलाफ बताते हुए सीईसी से पद छोड़ने की मांग की है। बिहार में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस और आरजेडी ने प्रदर्शन किया। पटना में कांग्रेस ने



ऋब्लॉक से स्टेट इलेक्शन कमीशन ऑफिस तक मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी एसआईआर और वोटर लिस्ट से जुड़े मुद्दों का विरोध कर रहे थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग की। हालात बिगड़ने पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। कुछ प्रदर्शनकारी बैरिकेड्स पर चढ़ गए थे। कांग्रेस नेताओं ने सीईसी के इस्तीफे और उन्हें हटाने की मांग की। पार्टी ने वोटर लिस्ट और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। वहीं आरजेडी ने भी पटना में प्रदर्शन किया। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने भी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

### चुनाव निष्पक्ष नहीं तो लोकतंत्र कहां है?- प्रियंका गांधी

प्रियंका गांधी ने ईसीआई विवाद पर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि बीजेपी को बेवजह के बहाने बनाना बंद करना चाहिए। प्रियंका ने एसआईआर को लेकर कांग्रेस के आरोप दोहराए। उन्होंने दावा किया कि करीब 13 करोड़ वोटरों के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले भी इसके बारे में सबूत सामने रख चुके हैं। प्रियंका ने कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक आरोप नहीं है। उनके मुताबिक, इस मुद्दे पर तथ्य और सबूत मौजूद हैं। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में कथित दखल को गंभीर मामला बताया। प्रियंका ने कहा कि अगर चुनाव में गलत तरीके से हस्तक्षेप हुआ है, तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने बीजेपी पर चुनावों में धांधली के आरोप भी लगाए। इस विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कहा है कि एसआईआर से जुड़े फैसले तय कानूनी प्रक्रिया के तहत लिए गए।

## गगृह मंत्रालय ने मणिपुर, अरूणाचल और नगालैंड के विभिन्न क्षेत्रों में अफस्पा की अवधि छह महीने बढ़ायी

**नयी दिल्ली ।** गृह मंत्रालय ने पूर्वोत्तर के तीन राज्यों मणिपुर, अरूणाचल प्रदेश और नागालैंड में हिंसा की घटनाओं को देखते हुए सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को आगामी एक अक्टूबर से छह महीने बढ़ाकर 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया है।

गृह मंत्रालय ने गुरुवार को तीनों राज्यों के लिए इस संबंध में अलग-अलग अधिसूचना जारी की है। यह निर्णय इन राज्यों में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद लिया गया है। मणिपुर के लिए जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य में घाटी के जिलों के 13 विशेष पुलिस थाना क्षेत्रों को अफस्पा से बाहर रखा गया है। इम्फाल, लैंफेल, सिटी, सिंगजामेई, पटसोई, वांगोई, पोरोम्पैट, हेइंगांग, इरिलबुंग, थौबल, बिष्णुपुर, नांबोल और काकचिंग थाना क्षेत्रों को अफस्पा से बाहर रखा गया है।



इन क्षेत्रों में सामान्य नागरिक पुलिस व्यवस्था जारी रहेगी। राज्य में वर्ष 2023 में दो समुदायों के बीच जातीय हिंसा के बाद से विभिन्न क्षेत्रों में अफस्पा के प्रावधान लागू हैं। पहले से लागू अफस्पा की अवधि 30 सितम्बर को समाप्त हो रही है। अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य के तिरप, चांगलांग एवं लांगडिंग जिलों तथा असम की सीमा से लगे नामसेई जिले के नामसेई , महादेवपुर एवं चौखम पुलिस थानों के क्षेत्र में आने वाले इलाकों में अफस्फा के प्रावधान आगामी एक अक्तूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिये गये हैं।

नागालैंड में दिमापुर, जेनउलैंड, चुमुकेदिमा, मोन, दीमापुर, नोकलाक, शेख, पेरेन और मेलुरी जिलों तथा कोहिमा जिले में खुझामा, कोहिमा-उत्तर, कोहिमा-दक्षिण, जुब्जा और केजोचा पुलिस थाना क्षेत्र, मोकोकचुंग जिले में मांगकोलेंबा, मोकोकचुंग-ढ्ढ, लोंगथो, तुली, लोंगचेम और अनाकी 'सी' पुलिस थाना क्षेत्र, लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस थाना क्षेत्र, वोखा जिले में भंडारी, चांमपांग और रालान पुलिस थाना क्षेत्र तथा जुन्हेबोटो जिले में घटाशी, पुघोबोटो, सताखा, सुरूहुतो, जुन्हेबोटो और अघुनाटो पुलिस थाना क्षेत्र में अफस्पा के प्रावधान एक अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ाये गये हैं।

## 'मेक इन इंडिया' के 12 साल : मोदी ने उत्पादन, निवेश और निर्यात बढ़ाने पर दिया जोर



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'मेक इन इंडिया' पहल के 12 साल पूरे होने पर अलग-अलग सेक्टरों में आए स्पष्ट बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पहल से देश के आर्थिक बदलावों के मुख्य संकेतकों के तौर पर घरेलू उत्पादन, निवेश और निर्यात बढे हैं।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'देश में अधिक उत्पादन। देश में अधिक निवेश। हर सेक्टर में स्पष्ट बदलाव!' एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें %मेक इन इंडिया% की उपलब्धियों की झलक दिखाई गई है। इसके साथ उन्होंने लिखा है कि मेक इन इंडिया से बुनियादी ढांचे, उद्यम और नवाचार तैयार हो रहे हैं जो देश की तरक्की और समृद्धि में योगदान दे रहे हैं। सितंबर 2014 में शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल का मकसद देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के तौर पर बढ़ावा देना, घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करना, नवाचार को बढ़ावा देना और रोजगार पैदा करना था।

इसके तहत सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन, रक्षा, फार्मास्यूटिकल्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सेक्टर में विनिर्माण क्षमता को मजबूत करने की कोशिश की है। साथ ही घरेलू उद्योग को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से और ज्यादा मजबूती से जोड़ा है। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए कुछ खास सेक्टर के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं जैसे नीतिगत उपाय भी शुरू किए गए हैं। मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों में आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों के बाद मेक इन इंडिया का महत्व और बढ़ गया है।

## 'कम से कम पद्म भूषण के हकदार हैं ज्ञानेश कुमार', बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य का बड़ा बयान

**कोलकाता।** बंगाल भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें कम से कम पद्म भूषण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुमार के कार्यकाल में बंगाल में शांतिपूर्ण चुनाव हुए और मतदाता बिना भय मतदान कर सके। शमिक ने यह बयान चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्षी दलों के विरोध के बीच दिया। शमिक ने कहा कि सीमा से लगे राज्य में ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम हटाने की पहल की। उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता ने चुनाव में इस तरह की कार्रवाई का समर्थन किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के भीतर भी उनके बयानों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। बता दें कि चुनाव आयोग पर एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में गड़बड़ी और नाम हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरतते के आरोप लगे हैं। इसी को लेकर कांग्रेस ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रही है।



### आज सभी सरकारी और निजी स्कूल रहेंगे बंद, सीएम साय का ऐलान

**रायपुर।** प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश और मौसम की मौजूदा स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शनिवार 26 सितंबर को प्रदेश के सभी स्कूलों में अवकाश के निर्देश दिए हैं।

## 'भाजपा चुनाव आयोग का पर्यायवाची हो गई है'

### डीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने एसआईआर विवाद पर दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली। देशभर में चल रहे चुनाव आयोग (ईसीआई) के विवाद के बीच टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मैं सालों भाजपा में रह चुका हूं। इसलिए जानता हूं कि वहां के लोग कैसे हैं। उन्होंने कहा कि आज मौजूदा समय में भाजपा, चुनाव आयोग का पर्यायवाची हो गई है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव आयोग का भरपूर फायदा उठाया है, खासकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का। सांसद शत्रुघ्न सिन्हा से जब सवाल किया कि चुनाव आयोग के इस पूरे विवाद पर सिर्फ भाजपा के प्रवक्ताओं या नेताओं की ही प्रतिक्रिया आ रही है, जबकि ज्ञानेश कुमार की और से कोई जवाब नहीं आया है ऐसा क्यों। इसके जवाब में सिन्हा ने कहा कि मैं सालों से भाजपा नें रहा हूं, उनको अच्छे से जानता हूं। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा लाभ लेने वाले वे ही लोग है। इसलिए भाजपा इस समय सबसे ज्यादा बौखलाई और घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग का पर्यायवाची हो गई है।



### 2024 के बाद हुए चुनाव गैर-कानूनी

सिन्हा ने दावा किया कि 2024 के बाद हुए चुनाव गैर-कानूनी रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावों के बाद लिए गए फैसले भी गैर-कानूनी हैं। सिन्हा ने कहा कि यही राहुल गांधी और ममता बनर्जी का मानना है। भारत के चुनाव आयोग का उन्होंने भरपूर फायदा उठाया है। इसलिए मौजूदा विवाद के बीच भाजपा के पास चुनाव आयोग का साथ देने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है।

### कई राज्यों में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

चीफ इलेक्शन कमीश्नर ज्ञानेश कुमार को लेकर विवाद इसलिए बढ़ा क्योंकि एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने करीब 10 महीनों में कम से कम 14 बार कुछ प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए थे। सीईसी के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कई राज्यों में प्रदर्शन किया। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, असम, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महिला की मॉफर्ड तस्वीर वायरल करने का आरोप, सीजेपी के दीपके, दास और रांका को दिल्ली हाईकोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एआई से तैयार कथित डीपफेक और मॉर्फ्ड तस्वीर को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में एक महिला ने याचिका दायर की है। महिला का आरोप है कि उसकी तस्वीर के साथ छेड़छाड़ कर उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आपत्तिजनक रूप में दिखाया गया और सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया। मामले में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) से जुड़े नेताओं सौरव दास, अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और रत्ना सिंह को पक्षकार बनाया गया है। कोर्ट ने मेटा को निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया से उस आपत्तिजनक कंटेंट को तुरंत हटाएं। इसके साथ ही पुलिस पीड़िता को पूरी सुरक्षा दे। महिला ने आरोप लगाया है कि इन लोगों ने उसकी निजी तस्वीर का कथित तौर पर इस्तेमाल करते हुए एआई फेस स्वेपिंग टूलस् की मदद से तस्वीर तैयार कर उसे प्रसारित किया। इन आरोपों की अभी अदालत में पुष्टि



नहीं हुई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को महिला की याचिका पर तत्काल सुनवाई की अनुमति दी। याचिका में कथित डीपफेक तस्वीरों को सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से हटाने तथा उनके लिंक को ब्लॉक करने की मांग की गई है। मामले को चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की पीठ के समक्ष रखा गया। याचिकाकर्ता की ओर से वकील उमेश शर्मा ने अदालत को बताया कि इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है।

याचिका के मुताबिक, हाल में नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छ्व्रक्क के प्रदर्शन के दौरान महिला की निजी तस्वीर कथित तौर पर हासिल की गई और एआई आधारित फेस सवेपिंग तकनीक का इस्तेमाल करके उसका चेहरा एक आपत्तिजनक तस्वीर पर लगाया गया। इसके बाद कथित तस्वीर को सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने का आरोप लगाया गया है। महिला ने अदालत से संबंधित ऑनलाइन सामग्री को तत्काल हटाने और ब्लॉक करने के निर्देश देने की मांग की है।

### महिला ने सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की

याचिका में यह भी कहा गया है कि तस्वीरों के प्रसार के बाद महिला को कथित तौर पर धमकियों का सामना करना पड़ा। याचिका दाखिल करने वाले वकील ने अदालत के समक्ष यह भी कहा कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्य चुनाव आयुक्त की बेटी का मामला : वकीलों के संगठन ने जस्टिस शर्मा की पीठ में 'आउट-ऑफ-टर्न' सुनवाई पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की पुत्री एवं नोएडा (गौतम बुद्ध नगर) की जिलाधिकारी मेधा रूपम से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई 'आउट-ऑफ-टर्न' सुनवाई को लेकर कानूनी गलियारों में विवाद खड़ा हो गया है। वकीलों के प्रमुख संगठन 'लॉयर्स एसोसिएशन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन' (एलएएफसी) ने देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत को खुला पत्र लिखकर इस मामले की विशेष लिस्टिंग, तय रोस्टर के कथित उल्लंघन और न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

### तय रोस्टर की अनदेखी और 'आउट-ऑफ-टर्न' लिस्टिंग पर आपत्ति

संगठन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि सुप्रीम कोर्ट की मौजूदा रोस्टर व्यवस्था के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण और प्रिवेंटिव डिटेंशन



(निवारक हिरासत) से जुड़े मामले प्रारंभिक चार पीठों के समक्ष सूचीबद्ध होने चाहिए थे। इसके विपरीत, इस याचिका को सामान्य क्रम से हटाकर अचानक जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की विशेष पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर दिया गया। वकीलों के संगठन का आरोप है कि किसी प्रभावशाली पद पर आसीन संवैधानिक अधिकारी के परिजन को इस प्रकार 'विशेष प्राथमिकता' दिया जाना न्यायिक व्यवस्था की निष्पक्षता और आम जनता के विश्वास पर नकारात्मक असर डालता है।

### सुनवाई के दौरान ऑडियो म्यूट करने पर भी ऐतराज

पत्र में केवल लिस्टिंग ही नहीं, बल्कि सुनवाई के संचालन के तरीके पर भी ऐतराज जताया गया है। आरोप लगाया गया है कि जब इस मामले की सुनवाई चल रही थी, तब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक पर ऑडियो म्यूट कर दिया गया था और पत्रकारों व अन्य अधिवक्ताओं की सीधी पहुंच सीमित कर दी गई थी। संगठन ने कहा कि अदालती कार्यवाही का पारदर्शी होना लोकतंत्र की बुनियाद है, ऐसे में संवेदनशील मामले में इस प्रकार की गोपनीयता संदेहास्पद प्रतीत होती है।

### क्या है पूरा मामला?

यह विवाद छात्र एक्टिविस्ट आकृति चौधरी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएएस) लगाने और प्रशासनिक कार्रवाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राजस्व अधिकारियों ने लिया स्थिति का जायजा, प्रशासन पूरी तरह अलर्ट



○ नदी-नालों, एनीकट एवं पुल-पुलियों के पास विशेष सावधानी बरतने ग्रामीणों को दी समझाइश
○ नांदियाखुर्द पुल पर पानी चढ़ने से बांस की बैरिकेडिंग कर रोका आवागमन; आपात स्थिति से निपटने के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर राजस्व अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा जिले के बाढ़ संभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सीईओ जनपद पंचायत ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत भंवरमरा में बाढ़ संभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। मौके पर स्थिति सामान्य पाई गई। ग्राम पंचायत के सचिव एवं सरपंच को मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को सतर्क करने, आवश्यकतानुसार रस्सी एवं टॉर्च की व्यवस्था रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। डोंगरगांव तहसील के बाढ़ संभावित ग्राम आलीखूंटा एवं बाकल का निरीक्षण कर सरपंच एवं ग्रामीणों से चर्चा की गई। उन्हें नदी-नालों के किनारे जाने से बचने तथा जलस्तर बढ़ने की स्थिति में विशेष सावधानी बरतने की समझाइश दी गई। वर्तमान में अतिवृष्टि से किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है। भर्रेगांव एनीकट का भी निरीक्षण किया गया।

तहसील छुरिया के ग्राम नांदियाखुर्द स्थित पुल का निरीक्षण किया गया। पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण बांस से बेरिकेडिंग कर आवागमन को सुरक्षित किया गया है। ग्रामीणों को पुल पार नहीं करने तथा नदी किनारे सावधानी बरतने की सलाह दी गई। ग्राम टेका स्थित छिपा नाला एनीकट का निरीक्षण कर लोगों को एनीकट पार नहीं करने की समझाइश दी गई। तहसील डोंगरगढ़ अंतर्गत ग्राम कोलेंद्र एवं घोटिया में भी स्थिति का जायजा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। इसी तरह ग्राम धमनसरा से जंगलेसर जाने वाले पुल तथा सुरगी सर्किल के बाढ़ संभावित ग्रामों का निरीक्षण किया गया। धामनसरा एवं सुरगी क्षेत्र के ग्रामों में भी वर्तमान में बाढ़ जैसी स्थिति नहीं पाई गई। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई है कि नदी, नालों, एनीकट एवं पुलों पर पानी का बहाव होने की स्थिति में जोखिम न लें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल स्थानीय प्रशासन को सूचना देने कहा गया है।

# स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता : बैडमिंटन के फाइनल में पहुंचे बिलासपुर व रायपुर, योगासन में रायपुर का दबदबा





○ दिग्विजय स्टेडियम और गुरुनानक स्कूल में 5 संभागों के खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले
○ हॉकी में दुर्ग, बस्तर और बिलासपुर का शानदार प्रदर्शन, 27 सितंबर तक चलेगा खेल महाकुंभ

राजनांदगांव (दावा)। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 27 सितंबर तक राजनांदगांव जिले आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 5 संभाग बस्तर, बिलासुपर, सरगुजा, रायपुर एवं मेजबान दुर्ग के खिलाड़ी शामिल हुई है। हॉकी (बालक-बालिका 17 वर्ष) खेल का आयोजन गुरूनानक स्कूल तथा योगा (बालक-बालिका 14, 17, 19 वर्ष), बैडमिंटन (बालक-बालिका 14 वर्ष), क्रिकेट (बालक 19 वर्ष) खेलों का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता के 14 वर्ष बालक वर्ग में विभिन्न संभागों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया।

बैडमिंटन खेल के मुकाबलों में बिलासपुर ने रायपुर को 2-0 से, दुर्ग ने सरगुजा को 2-0 से, बस्तर ने सरगुजा को 2-1 से तथा दुर्ग ने बस्तर को 2-0 से पराजित किया। प्रतियोगिता के आगे के चरण में टीमों ने सेमीफाइनल मुकाबलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बिलासपुर और बस्तर के बीच खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में बिलासपुर ने बस्तर को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में रायपुर ने दुर्ग को 2-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता अंतर्गत ट्रेडिशनल योगासन व्यक्तिगत श्रेणी के 14 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर संभाग प्रथम, दुर्ग संभाग द्वितीय एवं बिलासपुर संभाग तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर संभाग प्रथम, द्वितीय स्थान में दुर्ग संभाग एवं बिलासपुर संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता अंतर्गत ट्रेडिशनल योगासन व्यक्तिगत श्रेणी के 17 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर संभाग प्रथम, बिलासपुर संभाग द्वितीय व तृतीय स्थान पर बस्तर संभाग विजेता रहा। 17 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर संभाग के खिलाडियों बेहतर कौशल दिखाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर बिलासपुर रही तथा दुर्ग संभाग को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता अन्तर्गत ट्रेडिशनल योगासन व्यक्तिगत श्रेणी में बालक 19 वर्ष में प्रथम स्थान पर रायपुर संभाग, द्वितीय स्थान पर दुर्ग संभाग एवं तृतीय स्थान पर बिलासपुर विजेता रहा। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रायपुर संभाग, द्वितीय स्थान पर बिलासपुर संभाग व तृतीय स्थान पर दुर्ग संभाग रहा।

26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में बालक 17 वर्ष के मध्य खेले गए मैच में सरगुजा विरूद्ध बिलासपुर के मध्य मैच (0-0) टाई रहा। बस्तर विरूद्ध रायपुर संभाग के बीच खेले गए मैच में (1-1) गोल कर मैच ड्रॉ पर रहा। वही बस्तर विरूद्ध दुर्ग संभाग द्वारा खेले गए मैच (0-6) अंक प्राप्त कर दुर्ग संभाग विजयी रहा। वही हॉकी प्रतियोगिता के बालिका 17 वर्ष में सरगुजा विरूद्ध बिलासपुर संभाग के बीच हुए मैच में (2-3) से बिलासपुर संभाग विजयी रही। बस्तर बनाम रायपुर संभाग द्वारा खेले गए मैच (4-1) से बस्तर संभाग विजयी। वहीं दुर्ग विरूद्ध बस्तर संभाग द्वारा खेले गए मैच में दुर्ग संभाग (3-0) से विजयी रहा।

# अनंत चतुर्दशी पर समाजसेवी बहनों ने किया भजन-कीर्तन व हवन-पूजन, गजानन महाराज के प्रति प्रकट की आस्था



○ राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू के निवास पर हुआ भव्य धार्मिक आयोजन व भंडारा
○ माता पार्वती की सीख नारी जाति के लिए आदर्श, राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति का योगदान अहम : पूर्णिमा साहू

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की समृद्ध परंपरा और धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में अनंत चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। गणेश स्थापना से लेकर विसर्जन तक चलने वाले इस महापर्व में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने भक्तिमय वातावरण में सहभागिता की। इसी कड़ी में स्थानीय रेवाडीह स्थित छत्तीसगढ़ शासन की राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू के निवास पर विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## भजन-कीर्तन, हवन और भंडारे का आयोजन

समाजसेवी श्रीमती मीना सोनी एवं मोना गोसाई के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने ढोलक-मंजीरे की थाप पर भावपूर्ण भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके उपरांत महाभंडारे का आयोजन हुआ और उपस्थित बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार भेंट किए गए।

## नारी शक्ति में मां दुर्गा और पार्वती का वास : पूर्णिमा साहू

समारोह में श्रीमती पूर्णिमा साहू ने सभी उपस्थित बहनों का तिलक वंदन कर मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति में आदि देव भगवान गणेश की प्रथम पूजा की परंपरा अनादिकाल से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि माता पार्वती के संस्कार व शिक्षा संपूर्ण नारी जाति के लिए प्रेरणापुंज हैं। माता और पुत्र का अलौकिक वात्सल्य समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। श्रीमती साहू ने कहा कि प्रत्येक नारी में मां दुर्गा और पार्वती का स्वरूप विद्यमान है। उन्होंने मातृशक्ति का आह्वान किया कि वे अपनी आंतरिक शक्ति और ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए संगठित होकर समाज व राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान दें।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से मोना गोसाई, मीना सोनी, लक्ष्मी पटेल, कशेर भाभी, उमा साहू, गीतांजलि साहू, चित्ररेखा साहू, जागेश्वरी श्रीवास, बसंती गौड़, ललिता गोस्वामी, कुमकुम साहू, लक्ष्मी साहू, मीना गोखले, कुमारी बाई कोडाम, अनीता सिन्हा एवं गंगा साहू सहित बड़ी संख्या में महिला समूह की बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के संबंध में यह जानकारी कृष्णा पब्लिक स्कूल तुलसीपुर की संचालिका मोना गोसाईं द्वारा दी गई।

# भारत विकास परिषद की जिला इकाई का गठन : अंब्रिक मोटलानी बने अध्यक्ष, डॉ. मौर्य को सचिव की जिम्मेदारी





परमानंद गोयल कोषाध्यक्ष व अमर लालवानी बने संरक्षक, सेवा, संस्कार व समर्पण के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी घोषित

राजनांदगांव (दावा)। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर कार्य करने वाली सामाजिक व राष्ट्रवादी संस्था 'भारत विकास परिषद' की राजनांदगांव जिला इकाई का विधिवत गठन किया गया। संस्था के प्रांतीय संगठन मंत्री किशोरी लाल लाठ के सानिध्य में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी अंब्रिक मोटलानी को अध्यक्ष चुना गया।

## नई कार्यकारिणी में इन्हें मिली जिम्मेदारी

बैठक में विचार-विमर्श के बाद डॉ. राधेश्याम मौर्य को सचिव तथा परमानंद गोयल को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं अमर लालवानी को संगठन का संरक्षक मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के पांच मूल सूत्रों–सेवा, संपर्क, संस्कार, सहयोग और समर्पण के आधार पर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प दोहराया। उल्लेखनीय है कि 10 जुलाई 1963 को स्वामी विवेकानंद की जन्म शताब्दी वर्ष में स्थापित यह संस्था समाज के प्रबुद्ध वर्ग के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्रभक्ति के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

## 27 सितंबर को लालबाग में होगा शपथ ग्रहण समारोह

संस्था के मीडिया प्रभारी विवेक सिंह ठाकुर ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार, 27 सितंबर को शाम 7 बजे पुष्पांजलि पैलेस, लालबाग में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख राजयोगिनी पुष्पा दीदी, वरिष्ठ उद्योगपति व समाजसेवी मंशाराम मोटलानी एवं नीरज पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सुश्री भारती गोटे होंगी। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, शपथ विधि अधिकारी मुरारी काबरा, अनिल डागा, विभाग प्रचारक जितेंद्र शर्मा एवं जिला प्रचारक सनत पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

# स्वस्थ रहना है तो हर व्यक्ति को घर का काम करना ही चाहिए : मुनि श्री मौलिकप्रभ




राजनांदगांव (दावा)। यदि स्वस्थ और निरोगी रहना है तो हर व्यक्ति को घर का काम स्वयं करना चाहिए। घरेलू कामकाज करने से शरीर की अनेक शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाती है और शरीर स्वाभाविक रूप से सक्रिय रहता है। उक्त विचार खरतरगच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी महाराज ने व्यक्त किए।

## शारीरिक श्रम से दूर रहने के कारण बढ़ रहे रोग

ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में लोग घर के छोटे-मोटे कामों से भी बचते हैं। नौकरों व मशीनों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण शरीर का जरूरी व्यायाम नहीं हो पाता, जिसका परिणाम यह होता है कि व्यक्ति कम उम्र में ही नाना प्रकार की व्याधियों और बीमारियों से घिर जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में गृह कार्यों को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए, ताकि शरीर चुस्त-दुरुस्त और ऊर्जावान बना रहे। मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने सौंदर्य प्रसाधनों (कॉस्मेटिक्स) के बढ़ते चलन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज लोग बाहरी आकर्षण बढ़ाने के लिए रासायनिक और कॉस्मेटिक उत्पादों का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं। कई सौंदर्य प्रसाधनों के निर्माण में जीवों के अंश और बड़े पैमाने पर मूक पशु-पक्षियों की हिंसा शामिल होती है। अबोध जीवों पर होने वाले अत्याचार को देखकर संवेदनशील मन सिहर उठता है, ऐसे में इन उत्पादों का उपयोग विचारणीय है। मुनिश्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे कॉस्मेटिक उत्पादों का उपयोग न्यूनतम करें और श्रम आधारित जीवनशैली अपनाएं। बाहरी सौंदर्य क्षणिक होता है और आगे चलकर त्वचा व स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, जबकि श्रम और संयम से निखरा आंतरिक सौंदर्य व्यक्ति को भीतर से बलिष्ठ, ऊर्जावान और वास्तविक रूप से सशक्त बनाता है। कार्यक्रम के संदर्भ में यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## नासिर खान का इंतकाल



राजनांदगांव (दावा)। स्टेशनपारा निवासी कांग्रेस पार्टी के कर्मठ व जुझारू नेता नासिर खान का इंतकाल हो गया है। वे फल व्यवसायी मरहूम शेरू भाई के बड़े भाई थे। उनके निधन की खबर से स्टेशनपारा क्षेत्र सहित राजनीतिक व सामाजिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मरहूम नासिर खान की जनाजे की नमाज आज शनिवार, 26 सितंबर को बाद नमाज असर कब्रिस्तान में अदा की जाएगी। जिसके पश्चात उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। उनके इंतकाल पर विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मरहूम की मगफिरत की दुआ की है।

## श्रीमती शकुंतला हुकरे का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय प्रतिष्ठित शिक्षाविद अविनाश ब्राह्मणकर की बड़ी बहन एवं विनय हुकरे की पूज्य माताजी श्रीमती शकुंतला हुकरे का निधन हो गया है। उनके देहावसान से परिजनों, स्नेहीजनों, परिचितों एवं सामाजिक क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रीमती शकुंतला हुकरे की अंतिम यात्रा आज 26 सितंबर को निकाली जाएगी तथा दोपहर 2 बजे राजेंद्र नगर काली मंदिर श्मशान घाट, रायपुर में उनका अंतिम संस्कार संपन्न होगा। श्रीमती शकुंतला हुकरे सरस्वती शिशु मंदिर परिवार से भी निरंतर जुड़ी रहीं थीं।








## भूखंड बेचना है

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड रिहायशी क्षेत्र शांतिनगर गली क्रमांक-3 राजनांदगाव में ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।

नोट:- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।


## शुभांक

बी. के.
1-5-8
अनुमानित 156-2 133-7
राजधानी
150-6 280-0

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## नाम परिवर्तन संबंधी शपथ-पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं इंदिरा पारख (INDIRA PARAKH), W/O मदन लाल पारख (MADAN LAL PARAKH) निवास स्थान- मकान नंबर 117, वार्ड नंबर 26, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ - 491441, यह शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना पूर्व नाम त्यागकर अपना नया नाम इन्द्रा पारख (INDRA PARAKH) W/O मदन लाल पारख (MADAN LAL PARAKH) रख लिया है।

अत: आज दिनांक से मुझे मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य सभी दस्तावेजों तथा अभिलेखों में मेरे नए नाम इन्द्रा पारख (INDRA PARAKH), W/O मदन लाल पारख ( MADAN LAL PARAKH) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

इन्द्रा पारख
(INDRA PARAKH)
मकान नंबर 117, वार्ड नंबर 26
रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव,
छत्तीसगढ़ - 491441

## GENERAL INFORMATION

The land was Registered in Gathula in the Names of Bhavesh Thakkar and Deepa Thakkar. Its Khasra numbers are 97/3, 97/6, 97/2, 97/5, 97/4, 91, 98/2, and 98/3. We Registered it. We obtained their old registry, which has been lost somewhere on G.E. Road. Details of this are provided below.

**a.** Chain Sale Deed dated 28-02-2000 executed by Mr. Nemuram and others in favor of Mrs. Urmila Devipertaining to the Khasra No. 97/3 and 97/6.

**b.** Chain Sale Deed dated 02-12-1999 executed by Mr. Nemuram and others in favor of Mr Makhanlal and Mr. Rakesh Kumar pertaining to the Khasra No. 97/2.

**c.** Chain Sale Deed dated 06-03-2002 executed by Mr. Nemuram and others in favor of Mr Makhanlal and Mr. Rakesh Kumar pertaining to the Khasra No. 97/5.

**d.** Chain Sale Deed dated 09-02-2001 executed by Mr. Nemuram and others in favor of Mr Makhanlal and Mr. Rakesh Kumar pertaining to the Khasra No. 97/4.

**e.** Chain Sale Deed dated 12-03-1996 executed by Mrs. Kumharin Bai, Mr. Ashwani Kumar and Mr. Ashok Kumar in favor of Mr. Makhanlal and Mr. Rakesh Kumar pertaining to the Khasra No. 91

**f.** Chain Sale Deed dated 28-04-2007 executed by Mr. Mahesh Kumar in favor of Mr. Sanjay Gupta pertaining to the Khasra No. 98/2 and 98/3.

**g.** Chain Sale Deed dated 12-03-2008 executed by Mr. Mahesh Kumar in favor of Mr. Sunil Thakkar pertaining to the Khasra No. 98/2 and 98/3.

If anyone has any objections within 15 days, please inform us at the number below.

**BHAVESH THAKKAR**
**Kailash Nagar, Rajnandgaon**
**Mo.- 9827877722**

## कार्यालय नगर पंचायत घुमका जिला – राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/553/लो.नि.वि./न.पं./2026-27 घुमका, दिनांक 24/09/2026

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत घुमका जिला –राजनांदगांव छ.ग. के द्वारा वितीय वर्ष 2026–27 में निम्न दर्शित कार्यो का सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 10.06.2026, एवं रोड एस.ओ.आर 15.06.2026 से प्रभावशील दर पर कम/सामान/अधिक प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति में पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सीलबंद लिफाफा दिनांक 16/10/2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा दर आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा निर्धारित समयावधि पश्चात् उपस्थित निविदादाता/अधिकृत प्रतिनिधियों के उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा खोला जावेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय में निविदा प्रपत्र रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से प्राप्त करने की अंतिम तिथि | – | 16/10/2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| 2 | निविदा खोले जाने की तिथि | – | 16/10/2026 अपरान्ह 04:00 बजे के बाद |

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख) | अमानत राशि | फार्म (वेबसाईट से डाउनलोड किया जाना है) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (डी.डी.) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छोटे – छोटे मरम्मत कार्य (प्रति कार्य की अधिकतम लागत राशि – 0.75 रू.लाख) | 5.00 | 5000.00 | फार्म ए | 750.00 | कार्यादेश अनुसार |

शर्तें :– निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा/डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा में संशोधन होने की स्थिति में विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अपलोड की जावेगी, जिसकी सूचना दैनिक समाचार पत्र में पृथक से नहीं दी जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत-घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 199835/निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./2026-27 राजनांदगांव दि. 23.09.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 14.10.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम- राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड राजनांदगांव के अंतर्गत कोपेडीह जलाशय जीर्णोद्धार मुख्य नहर आर.डी. 0 मीटर से 1250 मीटर तक सी.सी. लाईनिंग कार्य एवं 05 नग व्ही.आर.बी. हेड स्लूस व 05 नग आउटलेट का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत - रू. 211.91 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **30.09.2026** समय **17.31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

जी- 262703526/9

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 199851/निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2026-27 छुईखदान,दि. 24.09.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 15.10.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम- खैरागढ़-छुईखदान,गण्डई जिले के खैरागढ़ विकासखण्ड के साल्हेवारा जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का नवीनीकरण एवं दांयी तट मुख्य नहर आर.डी. 0 मीटर से आर.डी. 1590 मी. बांयी तट मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 2100 मी. एवं पाड़ादाह माईनर आर.डी. 0 मी. से 1650 मी. का जीर्णोद्धार एवं सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य साथ ही 04 नग इनलेट, 15 नग व्ही.आर.बी., 06 नग फाल, 01 नग माईनर हेड का निर्माण फाल डिस्मेंटलिंग एवं कुलाबा पाईप फिक्सिंग कार्य।**

**अनुमानित लागत - रू. 407.48 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **01.10.2026** समय **17.31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग, छुईखदान (छ.ग.)
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

जी- 262703542/4

# बरसते पानी में भी जारी रहा गणेश विसर्जन का दौर : भीगते-झूमते भक्तों ने दी विघ्नहर्ता को भावभीनी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद संस्कारधानी में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के विसर्जन का उत्साह कम नहीं हुआ। प्रकृति की परीक्षा के बीच श्रद्धालुओं की अटूट आस्था भारी पड़ी। पंडालों और घरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन पूर्ण कर श्रद्धालु बरसते पानी में ही नाचते-गाते बप्पा को विदाई देने निकले। डीजे और ढोल-ताशों की धुन पर 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के गगनभेदी जयघोष के साथ विसर्जन का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

- 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से गूंजी संस्कारधानी, हवन-पूजन के बाद निकली विसर्जन यात्राएं
- मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट, शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ा, शहर की सड़कों पर जलभराव से बढ़ीं मुश्किलें

### कामठी लाइन सहित विभिन्न समितियों ने निकाली शोभायात्रा

शहर के कामठी लाइन में लघु मंडल द्वारा स्थापित भगवान गणेश की भव्य व विशाल प्रतिमा का 11 दिनों तक विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर झमाझम बारिश के बीच गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई और विधिवत प्रतिमा का विसर्जन संपन्न हुआ। इसी तरह शहर की अन्य छोटी-बड़ी गणेशोत्सव समितियों और घरेलू प्रतिमाओं के समक्ष सुबह महाआरती, छप्पन भोग और पूर्णाहुति हवन कर प्रतिमाओं को जलाशयों में विसर्जित किया गया। 11 दिनों के भक्तिमय माहौल के बाद बप्पा की विदाई के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम नजर आईं।

### मौसम विभाग का यलो अलर्ट, शिवनाथ नदी उफान पर

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती सिस्टम के असर से मानसून जाते-जाते अंचल में जमकर बरस रहा है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। लगातार जारी बारिश के कारण शहर की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है और पानी पुराने पुल के ऊपर से बहने लगा है। जिले के प्रमुख बैराजों और बड़े जलाशयों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से कभी भी पानी छोड़े जाने की संभावना बन रही है, जिससे प्रशासन ने तटीय इलाकों में अलर्ट घोषित कर दिया है।

### सड़कों पर जलभराव, विसर्जन झांकियों के मार्ग पर चुनौती

लगातार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और लोग घरों में दुबके रहने को विवश हैं। शहर के प्रमुख मार्गों और गड्ढायुक्त सड़कों पर भारी जलजमाव हो गया है। नगर निगम द्वारा पूर्व में गड्ढों में किए गए पेचवर्क व अस्थायी सीमेंटीकरण तेज बारिश में बह गए हैं, जिससे सड़कें फिर से बदहाल हो गई हैं। गड्ढों और कीचड़ के कारण विसर्जन झांकियों के सुगम संचालन को लेकर समितियों और प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। इसके बावजूद बारिश की परवाह किए बिना भक्तों का उल्लास चरम पर बना हुआ है।

# शासकीय विशेष विद्यालय 'सामर्थ्य' से भक्तिभाव के साथ विदा हुए विनायक, परिसर में बने कुंड में हुआ विसर्जन



- हवन-पूजन कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, विशेष बच्चों ने उत्साहपूर्वक की बाप्पा की विदाई
- भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल राजपूत, राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू बने साक्षी

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप शासकीय बौद्धिक मंदता वाले बालक-बालिकाओं के विशेष विद्यालय 'सामर्थ्य' में स्थापित विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन भक्तिमय व उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। गणेशोत्सव के दौरान विद्यालय के विशेष बच्चों ने नित्य श्रद्धा व भक्तिभाव से बाप्पा का पूजन-अर्चन किया। समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में ही विशेष विसर्जन कुंड तैयार किया गया था। अंतिम दिवस पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हुआ। जिसके उपरांत बाप्पा को विसर्जित किया गया।

### अतिथियों ने की विद्यालय के वातावरण की सराहना

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष व समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं वार्ड पार्षद रवि सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विशेष बच्चों के साथ हवन-पूजन में भाग लिया तथा विद्यालय में निर्मित इस आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण की मुक्तकंठ से सराहना की। गणेश स्थापना से लेकर विदाई तक पूरे आयोजन में संस्था के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। उक्त जानकारी शासकीय विशेष विद्यालय के प्रभारी अधीक्षक बालकृष्ण बघेल ने दी।

# शाहीन खान को राज्य स्तरीय 'डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा रत्न अवॉर्ड'



- शिक्षा में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए मिला प्रतिष्ठित राज्यस्तरीय अलंकरण
- भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा धमतरी में आयोजित हुआ 'शिक्षक स्वाभिमान दिवस' सम्मान समारोह

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय हाई स्कूल पनेका की व्याख्याता शाहीन खान को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और उल्लेखनीय शैक्षणिक योगदान के लिए राज्यस्तरीय 'डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा रत्न अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित भारतीय दलित साहित्य अकादमी की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा धमतरी में आयोजित शिक्षक स्वाभिमान दिवस के भव्य समारोह में प्रदान किया गया। विदित हो कि अकादमी द्वारा विगत 45 वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का राज्य स्तर पर चयन कर उन्हें सम्मानित करने की गौरवशाली परंपरा रही है।

समारोह का आयोजन अकादमी की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रांताध्यक्ष जी.आर. बंजारे 'ज्वाला' के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगार अंजुम, अध्यक्षता सुशीला देवी वाल्मीकि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई के वरिष्ठ समाजसेवी सुंदरदास मानिकपुरी उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों ने शाहीन खान के समर्पण और नवाचार आधारित शिक्षण शैली की सराहना करते हुए उन्हें यह अलंकरण सौंपा।

### वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा : राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे मॉडल

व्याख्याता शाहीन खान ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध और नवाचार की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके कुशल मार्गदर्शन में तैयार किए गए विद्यार्थियों के कई विज्ञान मॉडल राज्य स्तर पर चयनित हुए हैं। जिनमें से एक उत्कृष्ट मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर पर भी हो चुका है। यह उल्लेखनीय है कि शाहीन खान को इससे पहले भी कई मंचों पर सराहा जा चुका है। विगत माह रायपुर की कर्म प्रथम चैरिटेबल संस्था द्वारा शिक्षा एवं समाज में योगदान के लिए उन्हें 'नारी शक्ति सम्मान' से नवाजा गया था। विगत शिक्षक दिवस के अवसर पर राजनांदगांव ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में सांसद एवं महापौर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों का अभिनंदन किया गया था।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक गिरफ्तार



डोंगरगांव (दावा)। नाबालिग बच्चों और महिलाओं से जुड़े अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए डोंगरगांव पुलिस ने एक नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक को शिकायत दर्ज होने के महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 24 सितंबर को पीड़िता के पिता ने थाने पहुंचकर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ किए जाने की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 299/2026, धारा 75(2) बीएनएस तथा धारा 12 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

विवेचना के दौरान पुलिस ने त्वरित घेराबंदी करते हुए संदेही शिक्षक मनोज कुमार बंजारे (30 वर्ष) पिता ऐराम बंजारे निवासी ग्राम परसाडीह (थाना जैजैपुर, जिला सक्ती, हाल मुकाम ग्राम कुमर्दा, थाना डोंगरगांव) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना प्रमाणित पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

राजनांदगांव (दावा)। नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर भगाने और दुष्कर्म करने के मामले में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) राजनांदगांव ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार बारा ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी सोहन यादव उर्फ संतू को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए सजा और अर्थदंड से दंडित किया।

### शादी का झांसा देकर किया था दुष्कर्म

विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) सुश्री प्रिया कांकरिया ने बताया कि अभियुक्त सोहन यादव उर्फ संतू (उम्र 30 वर्ष), निवासी ग्राम जंगलेसर (पुलिस चौकी सुरगी, हाल मुकाम ग्राम बोईरडीह, पुलिस चौकी चिखली, थाना कोतवाली) ने नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया था। आरोपी ने उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया। जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता के पिता की शिकायत पर चिखली चौकी (कोतवाली थाना) में मामला दर्ज कर विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया था।

### अदालत द्वारा सुनाई गई सजा

विशेष न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें और साक्ष्य सुनने के बाद अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। आईपीसी की धारा 376(3) के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000 का अर्थदंड (अर्थदंड न देने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास)। पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10,000 का अर्थदंड (अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास)। आईपीसी की धारा 366 के तहत 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 का अर्थदंड (अर्थदंड न देने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास) है।

फैसला सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश ने रेखांकित किया कि जब किसी स्त्री के साथ दुष्कर्म जैसा अपराध होता है, तो वह केवल शारीरिक हिंसा नहीं होती, बल्कि ऐसा मानसिक आघात होता है जो जीवनपर्यंत बना रहता है।

शारीरिक चोटें समय के साथ भर सकती हैं, लेकिन मानसिक पीड़ा का घाव कभी नहीं भरता। इसलिए ऐसे जघन्य अपराधों में अभियुक्त के प्रति किसी भी प्रकार की अनावश्यक सहानुभूति या उदारता बरता जाना कतई उचित नहीं है।

# तस्वीरें व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




डोंगरगढ़ (दावा)। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक महिला के साथ लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी को डोंगरगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी पीडिता के दिवंगत पति का परिचित था और लोक-लज्जा का भय दिखाकर उस पर दबाव बना रहा था।

### पति की मृत्यु के बाद करने लगा ब्लैकमेल

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति के देहांत से पहले उनके परिचित लोकेश साहू (निवासी फरदफोड़, थाना देवरी) का उनके घर आना-जाना था। संपर्क नंबर होने के कारण दोनों के बीच फोन पर बातचीत भी होती थी। इसी दौरान आरोपी ने पीड़िता को निजी फोटो-वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

### धमकी देकर कई बार किया अनाचार

लोक-लज्जा और सामाजिक भय के कारण विवश होकर पीड़िता उसकी धमकियों के आगे झुक गई। आरोपी ने अगस्त 2025 में महिला को जबरन डोंगरगढ़ स्थित इंडियन लॉज-1 में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी वह लगातार धमकी देता रहा और पीड़िता के संतोषी नगर (राजनांदगांव) स्थित निवास पर आकर भी जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 4179/2026, भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(एम) एवं 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचक उपनिरीक्षक गीतांजलि सिन्हा ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी लोकेश साहू (26 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 11, फरदफोड़, जिला बालोद) को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जिसके बाद पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# जिला भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ राजनांदगांव की कार्यकारिणी घोषित



विकास तिवारी संयोजक, गुरुशंकर नेताम एवं शैलेंद्र नागवंशी सहसंयोजक नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा राजनांदगांव के अंतर्गत आरटीआई प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। प्रदेश भाजपा नेतृत्व किरण सिंह देव की सहमति एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा के अनुरूप आरटीआई प्रकोष्ठ को संगठनात्मक रूप से मजबूत करने के लिए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई है। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार विकास तिवारी को आरटीआई प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाया गया है। वहीं गुरु शंकर नेताम एवं शैलेंद्र नागवंशी को जिला सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार वैभव शुक्ला को मीडिया प्रभारी, सतीश पांडे को सोशल मीडिया प्रभारी तथा विजेन्द्र जैन को प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया है। आरटीआई प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी सदस्य के रूप में तिलकदास साहू, सुखलाल धारगावे, दुर्गा प्रसाद सुखदेवे, डोहन टंडन, शैलेंद्र साहू, संतोष रजक, अशोक रजक, दीपक साहू, दीपक गंधर्व, प्रदीप शर्मा, नीरज खोबरागड़े एवं शाश्वत बघेल को शामिल किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आरटीआई प्रकोष्ठ संगठन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सूचना के अधिकार के माध्यम से जनहित से जुड़े विषयों को सामने लाने तथा शासन की योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने में प्रकोष्ठ सक्रिय भूमिका निभाएगा।

# महापौर मधुसूदन यादव ने कौरिनभाठा तालाब किनारे किया पौधरोपण, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



- 'सेवा संकल्प अभियान' और 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत जनसहभागिता से चला अभियान
- पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखरेख और संरक्षण जरूरी : महापौर

राजनांदगांव (दावा)। 'सेवा संकल्प अभियान' तथा 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा सफाई अभियान के साथ-साथ जनसहभागिता से पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड अंतर्गत कौरिनभाठा तालाब के समीप पौधरोपण कर नागरिकों को स्वच्छता एवं हरित पर्यावरण का संदेश दिया। इस दौरान निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम सहित एमआईसी सदस्य, स्थानीय पार्षद और बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

### जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : महापौर

पौधरोपण के उपरांत महापौर मधुसूदन यादव ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि संतुलित पर्यावरण और भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। जलाशयों और तालाबों के निकट पौधरोपण करने से न केवल पर्यावरण समृद्ध होता है, बल्कि भूजल संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन में भी मदद मिलती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पौधे लगाने की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब उनकी नियमित देखरेख और सुरक्षा की जाए। जिस प्रकार आम जनता की सक्रिय सहभागिता के बिना स्वच्छता अभियान सफल नहीं हो सकता, उसी प्रकार रोपे गए पौधों की सुरक्षा व पोषण के बिना हरियाली का संकल्प अधूरा है। उन्होंने स्थानीय पार्षद व वार्डवासियों से रोपे गए पौधों की सुरक्षा का जिम्मा लेने का आह्वान किया।

### शहर को हरा-भरा बनाने निगम कर रहा स्थल चयन : आयुक्त

नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने कहा कि नगर पालिक निगम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से शहर के उपयुक्त स्थलों का चयन कर पौधरोपण कराया जा रहा है। विगत वर्षों में रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल का ही परिणाम है कि आज वे बड़े होकर वृक्ष का रूप ले रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, दुकान व प्रतिष्ठान के सामने कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी सुरक्षा करे। जिससे पूरा शहर हरा-भरा और प्रदूषणमुक्त बन सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, पार्षद सेवकराम उईके, पार्षद दुरेन्द्र साहू सहित नगर निगम का अमला एवं बड़ी संख्या में प्रबुद्ध वार्डवासी उपस्थित थे।

# रायपुर में आज से जुटेगा मेमन समाज का राष्ट्रीय नेतृत्व : ढेबर के नेतृत्व में 26-27 सितंबर को शगुन फार्म्स में भव्य सम्मेलन



देशभर से 500 से अधिक अध्यक्ष व सचिव लेंगे हिस्सा, अमेरिका, दुबई, ब्रिटेन और अफ्रीका से भी पहुंचे प्रतिनिधि

राजनांदगांव (दावा)। ऑल इंडिया मेमन जमात का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज शनिवार, 26 सितंबर से राजधानी रायपुर में प्रारंभ होने जा रहा है। वीआईपी रोड स्थित शगुन फार्म्स में 26 एवं 27 सितंबर को आयोजित इस राष्ट्रीय समागम में देश-विदेश से मेमन समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन जुट रहे हैं। इस वृहद आयोजन की कमान पूर्व महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में संभाली जा रही है।

### एयरपोर्ट पर देश-विदेश से पहुंचे प्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत

गोल बाजार मस्जिद सीरतुन्नबी कमेटी के मीडिया प्रभारी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद इमरान बीबा ने बताया कि सम्मेलन को लेकर समाज में भारी उत्साह है। 25 सितंबर से ही अतिथियों का आगमन शुरू हो गया। जिनका रायपुर विमानतल पर एजाज ढेबर की अगुवाई में आत्मीय स्वागत किया गया। हलाई मेमन जमात के तत्वावधान में हो रहे इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा, सामाजिक सहभागिता और संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ बनाना है।

### विदेशों से पहुंचे 12 प्रतिनिधि, राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहेंगे मौजूद

सम्मेलन का मुख्य आकर्षण ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के अध्यक्ष इकबाल मेमन ऑफिसर एवं ऑल इंडिया यंग मेमन विंग के अध्यक्ष इमरान भाई फरूटवाला की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, दुबई, दक्षिण अफ्रीका, पूर्वी अफ्रीका और बांग्लादेश सहित विभिन्न देशों से करीब 12 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि रायपुर पहुंचे हैं। देशभर की विभिन्न इकाइयों से 500 से अधिक अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारी भाग ले रहे हैं।

### विभिन्न विंग्स संभाल रहीं दायित्व

सम्मेलन में यंग मेमन, मोहल्ला समिति, मेमन लेडीज विंग और मेमन फेमिनाज सहित समाज के डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक व व्यापारी वर्ग सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। तैयारी बैठक में मेमन समाज अध्यक्ष अख्तर भाई ढेबर, हनीफ भाई गंज, तौहीद जादा, जुनैद भाई थारा, रीजनल वाइस प्रेसिडेंट अय्यूब भाई पारेख, जोनल सेक्रेटरी आरिफ भाई रावानी, पूर्व अध्यक्ष रशीद भाई मोकाती, उस्मान भाई मोकाती, जब्बार भाई गंज, अकरम भाई सलाट, हनीफ भाई उमरानी, अनीस भाई लाम्बा, जावेद ईशानी, मुश्ताक पटेल और बिलासपुर मेमन समाज अध्यक्ष जहांगीर भाभा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। मोहम्मद इमरान बीबा ने छत्तीसगढ़ व अन्य क्षेत्रों के समाजजनों से बड़ी संख्या में पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है। सम्मेलन के मीडिया प्रबंधन की जिम्मेदारी संजीवनी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. यूसुफ मेमन को सौंपी गई है।

## अनमोल 'दावा'

> "गुस्से में चिल्लाने के लिए ताकत नहीं चाहिए, लेकिन चुप रहने के लिए बहुत ताकत चाहिए।

## शहरी जीवन के बुनियादी सिद्धांतों को स्वीकार करें और पुनर्स्थापित करें

मुंबई या नवी मुंबई और ठाणे के ज़्यादातर इलाकों में रोज़मर्रा की ज़िंदगी जीते हुए, महाराष्ट्र के ज़्यादातर ज़िलों में सूखे की गंभीर स्थिति के बारे में पता न होना मुमकिन है। स्वतंत्र अनुमान बताते हैं कि राज्य के 36 में से 31 ज़िलों में गंभीर सूखा या सूखे जैसे हालात हैं- जैसे पीने के पानी की भारी कमी और खेती-बाड़ी का संकट–जिनके लिए तुरंत राहत के उपायों की ज़रूरत है।

यहाँ तक कि राज्य सरकार भी मानती है कि 20 से ज़्यादा ज़िलों में संकट है, और कृषि मंत्री ने हाल ही में मराठवाड़ा की स्थिति को 'गंभीर' बताया है। यह बात बेंगलुरु और राज्य के उन 239 तालुकों में से किसी भी 177 तालुकों पर लागू हो सकती है जिन्हें सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। या फिर किसी भी बड़े शहर और उस राज्य पर जहाँ वह स्थित है।

यह अलगाव परेशान करने वाला है, लेकिन यह शहरी जीवन की कई कमियों को भी दिखाता है। राजनीतिक और आर्थिक ताकत रखने वाले लोग शहरों को मुख्य रूप से 'आर्थिक इंजन' या 'विकास के इंजन' के तौर पर देखते और बताते हैं; फिर, उन्हें इस तरह से बनाया या सुरक्षित किया जाता है कि वे आम तौर पर प्रकृति और जलवायु के उन उतार-चढ़ाव से प्रभावित न हों जो उनके बाहर लाखों लोगों की ज़िंदगी बर्बाद कर देते हैं। शहर लगभग अपने आप में एक द्वीप की तरह बनाए जाते हैं। इसलिए, मुंबई से मुश्किल से 100 किलोमीटर दूर इलाकों में सूखे जैसे हालात का ज़्यादातर मुंबईवासियों को पता भी नहीं चलता।

बड़े शहरों के बाहर पहले से ग्रामीण या शहर से सटे इलाकों में तेज़ी से हो रहे शहरीकरण की प्रक्रिया में–जिसका सबसे नज़दीकी उदाहरण हमारे लिए मुंबई 3.0 और मुंबई 4.0 है–जीवन के लिए कुछ कीमती और बुनियादी चीज़ें खो जाती हैं- आपसी जुड़ाव, संदर्भ और एक-दूसरे पर निर्भरता। संक्षेप में द्वष्टि। ये सभी जीवन का बुनियादी ढांचा या 'मदरबोर्ड' बनाते हैं। अगर हम ध्यान से देखें तो ये प्रकृति में सबसे ज़्यादा दिखाई देते हैं, और ये चुपचाप शहरी जीवन की रफ़्तार को बनाए रखते हैं। शहर 'खुद नहीं बनते', और न ही उनमें रहने वाला कोई व्यक्ति ऐसा होता है, हालाँकि आजकल 'खुद से सब कुछ हासिल करने' (सेल्फ़-मेड) का दावा करने का चलन बढ़ गया है। शहर के आपस में जुड़े सिस्टम

आपस में जुड़ाव, संदर्भ और एक-दूसरे पर निर्भरता जैसी बातें शहरों में भी काम करती हैं। उदाहरण के लिए, मुंबई में हर सिस्टम–ट्रांसपोर्ट और ताज़ी उपज की बिक्री से लेकर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और क्लाइमेट एक्शन तक–इसी बुनियादी ढांचे पर काम करता है। अलग-अलग इलाकों और लोगों के समूहों के बीच इनका धीरे-धीरे कमज़ोर पड़ना या खत्म होना तब दिखता है जब मौसम की कोई बड़ी घटना होती है–जैसे दक्षिण मुंबई के कुछ हिस्सों को बाढ़ से बचाने के लिए वर्सोवा के मैंग्रोव ज़रूरी हैं, और शहर के सुदूर पूर्वी हिस्से में मौजूद सॉल्ट पैन (नमक के खेत) पूरे शहर के लिए बारिश का पानी जमा करते हैं–या फिर महामारी या सांप्रदायिक दंगों जैसे संकटों के समय।

अगर हम ध्यान दें, तो आपस में जुड़ाव, संदर्भ और एक-दूसरे पर निर्भरता हमारे चारों ओर मौजूद है। शहरों में जीवन प्रकृति या प्राकृतिक चक्रों के जाल पर निर्भर करता है–पेड़ों की जड़ें बारिश का पानी सोखती हैं, जिससे बाढ़ रुकती है और ग्राउंडवाटर रिचार्ज होता है; वाष्पोत्सर्जन से बारिश होने और हवा साफ रहने में मदद मिलती है; हरे-भरे इलाके और शहरी जंगल आसपास की गर्मी कम करते हैं; छोटे तालाब और झीलें अपने आसपास के इलाकों को ठंडा रखते हैं; और भी बहुत कुछ। फिर भी, शहर बनाने की बड़ी आर्थिक और इंजीनियरिंग प्रक्रिया में, आपस में जुड़ाव, संदर्भ और एक-दूसरे पर निर्भरता टूट जाती है। प्राकृतिक दुनिया के साथ रिश्ता टूट जाता है और बिखर जाता है, क्योंकि आपस में जुड़े इकोसिस्टम को जान-बूझकर तोड़ दिया जाता है।

ऐसे में, कई लोगों के लिए शहरी जीवन अपने आस-पास के माहौल से कट जाता है, दूर ग्रामीण इलाकों की जगहों पर निर्भरता तो दूर की बात है। आपस में जुड़ाव की कमी तब दिखती है जब मुंबई के ज़्यादातर हिस्सों में पानी की नियमित सप्लाई होती है, जबकि पास के पालघर में जलाशय पूरी तरह सूखे पड़े होते हैं और लोग पानी के टैंकरों के लिए तरसते हैं, भले ही उस इलाके में हर साल औसतन 2,000 मिमी बारिश होती हो। मुझे पालघर या मुंबई के इलाकों की चिंता क्यों करनी चाहिए? यह सवाल अक्सर पूछा जाता है। इसका जवाब आसान है- भातसा, तान्सा, विहार और तुलसी के अलावा, पानी के दो सिस्टम - लोअर और मिडिल वैतरणा–पालघर में ही स्थित हैं। और भी उदाहरण दिए जा सकते हैं, लेकिन मुख्य बात यह है कि इस दूरी की वजह से शहर में रहने वाले बहुत से लोग आपस में जुड़ी चीज़ों को भूल जाते हैं या उन्हें इस बात का पता ही नहीं होता कि मुंबई के घरों में नल का पानी कैसे आता है और शहर अपनी नगरपालिका की सीमाओं के बाहर के इलाकों पर किस तरह निर्भर है। यह शहर के भीतर के क्षेत्रों के स्थानिक डिज़ाइन और फिर विभिन्न प्रकार या वर्गों के लोगों के बीच संबंधों में भी परिलक्षित होता है। कई पॉश या हाई-एंड पिन कोड में खराब बस कनेक्टिविटी है, इस धारणा के कारण कि निवासी निजी कारों का उपयोग करते हैं। लेकिन उन हजारों लोगों की परिवहन आवश्यकताओं का क्या जो इन धनी परिवारों की सेवा करते हैं और अपने कार्यस्थलों तक जाने के लिए केवल सार्वजनिक परिवहन का खर्च उठा सकते हैं? बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के उबेर-पॉश वाणिज्यिक और आवासीय द्वीप में पर्याप्त सार्वजनिक बस मार्ग और मीटर से चलने वाले ऑटोरिक्शा क्यों नहीं हैं?

# ईरान की शर्तों पर ही खुलेगा होर्मुज

(वीपी राहुल)



ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां कूटनीतिक बातचीत और रणनीतिक जलमार्ग दोनों एक-दूसरे से जुड़े दिखाई दे रहे हैं। ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक अमेरिका उसकी निर्धारित शर्तों को स्वीकार नहीं करता, तब तक न तो होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने की दिशा में कदम बढ़ाया जाएगा और न ही अमेरिका के साथ बातचीत के पुराने ढांचे में वापसी होगी। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफने यह रुख सामने रखा है। उनके मुताबिक तेहरान ने मध्यस्थों के माध्यम से अपनी मांगें अमेरिका तक पहुंचा दी हैं और शर्तें पूरी होने तक ईरान अपने रुख में बदलाव नहीं करेगा।

गालिबाफ के बयान से यह संकेत मिलता है कि ईरान फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य को केवल समुद्री मार्ग के रूप में नहीं, बल्कि अमेरिका के साथ चल रहे व्यापक संघर्ष में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दे के तौर पर देख रहा है। उन्होंने कहा कि ईरानी जनता के वैध अधिकारों की मान्यता और अमेरिकी प्रतिबद्धताओं के पालन के बिना बातचीत की पिछली परिस्थितियों में वापसी संभव नहीं है। इसी के साथ होर्मुज को फिर से खोलने का सवाल भी ईरान की शर्तों से जोड़ दिया गया है। इससे एक दिन पहले ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहसिन रेजाई ने भी अमेरिका तक ईरान की शर्तें पहुंचाए जाने की जानकारी दी थी। रेजाई के मुताबिक कतर के माध्यम से वॉशिंगटन को संदेश भेजा गया है। उन्होंने युद्ध समाप्त करने के लिए तीन प्रमुख मांगों का उल्लेख कियाकृसभी मोर्चों पर युद्ध का अंत, ईरान की जमी हुई धनराशि को जारी करना और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी समाप्त करना। ईरान ने यह भी कहा है कि वह अमेरिका की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है।

होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले ऊर्जा संसाधनों के अंतरराष्ट्रीय परिवहन के लिए इसका महत्व बहुत अधिक है। इसलिए इस जलमार्ग में किसी भी तरह की बाधा का प्रभाव केवल ईरान और अमेरिका तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री व्यापार और तेल की कीमतों पर भी पड़ सकता है। वर्तमान संकट में होर्मुज इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि ईरान ने इसके संचालन और समुद्री आवाजाही को अमेरिका के साथ चल रहे संघर्ष की व्यापक परिस्थितियों से जोड़ दिया है। ईरान के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अबोलफज्ल शेखरची ने कहा है कि रणनीतिक जलमार्ग में पहल ईरानी सशस्त्र बलों के पास बनी हुई है। उन्होंने होर्मुज के जरिए समुद्री आवाजाही को लेकर अमेरिका की ओर से दिए गए बयानों को मनोवैज्ञानिक अभियान बताया।

ईरान की ओर से बातचीत के लिए रखी गई शर्तों का पूरा विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है। हालांकि मोहसिन रेजाई ने युद्ध समाप्त करने के संदर्भ में तीन मांगों को स्पष्ट रूप से सामने रखा है। इनमें सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना, ईरान की सीज हुई संपत्तियों को जारी करना और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी समाप्त करना शामिल है। इन मांगों को कतर के माध्यम से अमेरिका तक पहुंचाए जाने की बात ईरान ने कही है।

कतर इस पूरे घटनाक्रम में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच प्रत्यक्ष संवाद की स्थिति कमजोर होने के बीच तीसरे देशों के माध्यम से संदेशों का आदान-प्रदान कूटनीतिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। पाकिस्तान भी इस व्यापक कूटनीतिक प्रयास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इससे यह संकेत मिलता है कि सैन्य तनाव के समानांतर बातचीत के रास्ते पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं, हालांकि दोनों पक्षों के बीच शर्तों को लेकर गंभीर मतभेद बने हुए हैं।

ईरान के बयान ऐसे समय आए हैं जब अमेरिका की ओर से ईरान पर लागू नौसैनिक नाकाबंदी को लेकर भी गतिविधियां जारी हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, 20 सितंबर तक अमेरिकी बलों ने नाकाबंदी लागू करने के प्रयास के तहत 109 वाणिज्यिक जहाजों का मार्ग बदला था। अमेरिकी सेना ने ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले समुद्री यातायात पर नाकाबंदी का प्रवर्तन 14 जुलाई को दोबारा शुरू किया था। यही मुद्दा ईरान की घोषित शर्तों में भी दिखाई देता है। तेहरान नाकाबंदी को समाप्त करने की मांग कर रहा है, जबकि अमेरिका अपने समुद्री अभियान के जरिए ईरान पर दबाव बनाए हुए है। इस तरह समुद्री क्षेत्र में सैन्य और आर्थिक दबाव कूटनीतिक बातचीत की संभावनाओं से सीधे जुड़ गया है। कूटनीतिक संदेशों के साथ ईरान ने सैन्य चेतावनी भी जारी की है। ईरान के खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर ने कहा है कि अगर अमेरिका ईरान के खिलाफ दोबारा सैन्य कार्रवाई करता है तो क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और हितों को निशाना बनाया जा सकता है। इस बयान से पता चलता है कि तेहरान कूटनीतिक और सैन्य दोनों स्तरों पर दबाव बनाए रखना चाहता है।

हालांकि इन चेतावनियों का वास्तविक असर आगे की घटनाओं पर निर्भर करेगा, लेकिन इससे यह जरूर स्पष्ट होता है कि अमेरिका और ईरान के बीच मौजूदा तनाव केवल बातचीत के स्तर तक सीमित नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरान को उसके मौजूदा रुख को बदलने के लिए परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। साथ ही उन्होंने यह संकेत दिया है कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान वह ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ बातचीत के लिए तैयार हो सकते हैं। ऐसे में एक तरफ सैन्य दबाव और दूसरी तरफ बातचीत की संभावना दोनों समानांतर दिखाई दे रही हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए दुनिया के कई देशों के नेता न्यूयॉर्क पहुंच रहे हैं। ऐसे समय में अमेरिका-ईरान तनाव पश्चिम एशिया की सुरक्षा के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का भी महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है।

अगर दोनों पक्ष किसी संवाद की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो मध्यस्थ देशों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है। वर्तमान स्थिति में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अमेरिका और ईरान की प्राथमिकताएं एक-दूसरे से काफी अलग हैं। ईरान युद्ध समाप्त करने, अपनी जमी हुई धनराशि जारी कराने और नौसैनिक नाकाबंदी हटाने जैसी मांगों को बातचीत की दिशा में महत्वपूर्ण शर्तों के रूप में देख रहा है। ईरान के लिए यह रणनीतिक नियंत्रण का विषय है, जबकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए यह वैश्विक समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ा मार्ग है। इसलिए इसके लंबे समय तक बाधित रहने की स्थिति क्षेत्रीय संघर्ष को व्यापक आर्थिक संकट से जोड़ सकती है।

फिलहाल तेहरान ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी शर्तों और कदमों में बदलाव के बिना वह पुराने बातचीत ढांचे में वापस नहीं जाएगा और होर्मुज को खोलने पर भी सहमति नहीं देगा। दूसरी ओर अमेरिका की प्रतिक्रिया यह तय करने में महत्वपूर्ण होगी कि आने वाले दिनों में तनाव और बढ़ता है या कूटनीतिक बातचीत के लिए कोई नया रास्ता निकलता है। इस पूरे घटनाक्रम में कतर और अन्य मध्यस्थ देशों की भूमिका भी महत्वपूर्ण बनी रहेगी। (हिफी)

# समसामयिक रुपक - कचरा फेंकने की कला

विजय मिश्रा 'अमित'



'मैली चादर ओढ़ के कैसे द्वार तुम्हारे आऊं। हे पावन परमेश्वर मन ही मन शरमाऊं'। इस भजन को बालपन से सुनते आ रहा हूं,लेकिन आजकल इस भजन के बदले हुए रूप को देख रहा हूं *मैली चादर ओढ़ के द्वार तुम्हारे आऊं। अपने घर का सारा कचरा द्वार तेरे छोड़ जाऊं। मन ही मन मैं मुसकाऊं मन के मैले लोगों को दूसरों के द्वार ही नहीं शहर भर में कचरा फैलाने में परमानंद की अनुभूति होती है। ऐसे ही 'कचरा फेकू वाइरस' से शहर-नगर को बचाने के लिए सरकार तुम्हारे द्वार की तर्ज पर सुबह सुबह 'गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकालो' गीत गाती हुई कचरा गाड़ी आ जाती है। कचरा गाड़ी का आना शुभ माना जाना चाहिए क्योंकि जिस गंदगी से हमें घीन आती है। उसी गंदगी को हमसे दूर करने गुनगुनाती हुई गाड़ी चली आती है। हमें तो मुस्कुराते हुए उसका स्वागत करना चाहिए किन्तु मेरा अनुभव है कि अनेक गृहस्वामी कचरा गाड़ी तक जाने में भी कोताही करते हैं।अधमरे अलसाए से उठते हैं और गाड़ी वाले को कोसते बड़बड़ाते हैं 'दो मिनट चैन से बैठने भी नहीं देता, समय-बे- समय चला आता है'। आज की स्थिति बड़ी विचित्र है। जितना कचरा घर-शहर में नहीं है। उससे कहीं ज्यादा कचरा तो मनुष्य के दिल- दिमाग में भरा हुआ है। यही वजह है आज का मनुष्य दिन भर बदबूदार, मर्यादाहीन और गालियों से सराबोर बातें करता हुआ दिखता है। मैंने देखा है ऐसी अजीब सोच रखने वाले लोग भी द्वार पर आए साधुओं को, भिखारियों को लपक लपक कर दाल-चावल रुपया-पैसा आदि भरपूर दान देते हैं।

पुण्य प्राप्ति की लालसा में डूबे ऐसे लोगों के समझ में शायद यह बात नहीं आती है कि घर की गंदगी निकालने पर घर सहित तन-मन की स्वच्छता और पवित्रता कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। कूड़ा करकट भरे मन से किया हुआ दान महत्वहीन होता है। तभी तो कहा गया है जब तक मन में छल कपट और पाप है, तब तक व्यर्थ जप-तप और पूजा पाठ है। अनादि काल से यह बात चली आ रही है कि जहां दरिद्रता होती है वहां पर लक्ष्मी नहीं आती खतरनाक व्याधियां आती हैं।यही वजह है मानव ही नहीं जीव जंतु भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं। पिछले दिनों मीडिया के माध्यम से यह खुश खबरी मिली है कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-करकट फेंकने वालों पर निगरानी रखने के लिए हाईटेक नाईट विजन कैमरे लगाने की पहल की जा रही है। भगवान भोलेनाथ की तीसरी आंख की तरह ए कैमरे कचरा फेंकुओं पर बारिक नज़र रखेंगे। खुले में कचरा फेंकू व्यक्ति, वाहन मालिकों को कैमरे के फुटेज के आधार पर चिन्हित करके आर्थिक दण्ड दिया जावेगा। इन हाइटेक कैमरे के माध्यम से केवल आमजनों पर ही नहीं बल्कि निगम की कचरा कलेक्शन गाड़ियों की निगरानी भी हो सकेगी। इससे कचरा परिवहन की व्यवस्था चाक चौबंद बनी रहेगी। यह भी याद रखना होगा कि घर हो या शहर उसे स्वच्छ रखने की पहली जवाबदारी वहां के निवासियों की ही होती है। ऐसे नैतिक दायित्व का आदर्श उदाहरण मैंने थाईलैंड के बैंकॉक शहर में देखा। एक थाई महिला अपने पालतू डॉगी को लेकर सड़क के किनारे किनारे घूम रही थी। बेहद साफ सुथरी सड़क,हरियाली से मैं मोहित था। इसीलिए डॉगी लेकर सड़क में घूमती हुई महिला की मंशा और डागी की हरकत मुझे चुभने लगी। मुझे रायपुर याद आ गया। जहां की भद्र पुरुष-महिलाएं अपने डॉगी को कहीं भी पाटी करवा देते हैं। जेहन में इसी गंदी सोच को रखे हुए मैं उस थाई महिला के अगले कदम की प्रतीक्षा में था। तभी मैंने देखा जब डागी पॉटी करने की स्थिति में आया तो उस महिला ने अपने हाथ में पकड़े अखबार को तत्काल नीचे रख दिया। बाद में डॉगी की पाटी को अखबार में लपेटे कर उसने बड़े डस्टबिन में फेंक दिया। उस महिला और समझदार डॉगी की सराहना मैने की तो वे बोली - थैंक्यू सर, बट इट इज़ अवर ड्यूटी।

इसी तरह श्रीलंका यात्रा की एक घटना याद आ रही है।शहर के बाहर से हमारी टैक्सी गुजर रही थी। तभी डायबिटिक पीड़ित हमारे एक वृद्ध मित्र असहनीय लघुशंका से बेचैन हो उठे थे। गाड़ी रुकवा कर सड़क किनारे ओट में जाकर ज्यों ही वे लघुशंका से निवृत्त हुए। धड़धड़ाती हुई पुलिस वैन आ गई और उन पर कानूनी कार्रवाई करने उतारू हो गई।घबराए हुए हम सबने बड़ी मिन्नत की,उनकी उम्र और बीमारी की जानकारी देते हुए क्षमा याचना की तो वार्निंग देकर उन्होंने हमें छोड़ा। इन घटनाओं से तो यही लगता है कि हरेक नागरिक और प्रशासन को अपने दायित्व निर्वहन के लिए सजग रहने की नितांत आवश्यकता है।

अग्रोहा कालोनी रायपुर (छ.ग.) 492013
9893123310

### सू- दोकू क्र.171

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.170 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## कविता

### 'पीपल होना'

काश! मै पीपल होती,
नहीं चाहती गमले में,
सिमट के रहना।
और ना ही,
गमले की मिट्टी में पैर जमाना।
सदा चाहती गगन की ओर
गुरुत्वाकर्षण के विपरीत जाना।
हे वक्त!
मुझे पीपल बना देना।
सोखती धरती की
असीमित तत्व,
ना की सिर्फ पानी
में भींग जाना।
जी लेती भविष्य को,
भूल के पिछला अफसाना।
हे वक्त!
मुझे पीपल बना देना।
तोड़ती सारे,
सामाजिक बंधन,
जो स्त्री को नापते है कमतर,
ढाले गए सुंदर पात्र से,
वो तरु है बेहतर।
राहगीर को छाए मिले हरदम।
हे वक्त!
मुझे पीपल बना देना।
मुरझा जाऊ भीषण
गर्मी में,
पर सूखू कभी ना।
हे वक्त!
मुझे पीपल बना देना।
निर्धारित जाति की,
मिट्टी की सीमा से
कही अधिक,
मुझे, संतुष्ट भारतीय बना देना
हे वक्त!
मुझे पीपल बना देना।

रंजना मंडावी 'सुमनरथी'

## कविता

### छत्तीसगढ़ के बेटी

छत्तीसगढ़ के बेटी, कौशिल्या महतारी
जेखर बेटा राम तेखर महिमा बड़ भारी,
गुरू गियान पाये बर गे रिस आसरम
जिहा सिख के आइस धरम अउ करम
छोटे-बड़े के कभु नइ करिस चिन्हारी
जेखर बेटा राम तेखर महिमा बड़भारी
पथरा बने अहिल्या ल बनादिस नारी
शिवधनुष तोड़ के अपनालिस मिथला कुमारी
खुशी मनात रीहिस ब्रम्हा विष्णु त्रिपुरारी
जेखर बेटा राम तेखर महिमा बड़ भारी,
दाई ददा के बात मानके चलदिस बनवास
चौदह बरस रिहिस बन म सीता लखन के साथ
राक्षस मन ल मारीस बेंदरा भालू बना के संगवारी
जेखर बेटा राम तेखर महिमा हे बड़ भारी
मर्यादा ले बंधे हावय श्रीराम के जम्मो काम ह
धरम करम खतिर नाम लेवत हावय संसार ह
गंधर्व साधु संत अउ नाम लेवत हावय पुजारी
जेखर बेटा राम तेखर महिमा बड़ भारी।



डॉ.एस.एल.गंधर्व
झलमला, बालोद
9926656038

## शब्द सामर्थ्य -171

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।


**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक170 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज परिवार के साथ समय बितायेंगे। इससे घर में खुशियों का माहौल बनेगा। आज आपकी कड़ी मेहनत से आसपास के लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज रोज की अपेक्षा व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए ताजे फल खायें, फायदा मिलेगा।



**वृष राशि**
आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नई जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर ले। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप जीवनसाथी से अपने दिल की बात शेयर करेंगे। इससे रिश्ते में मधुरता बनेगी। शाम को परिवार के साथ किसी जरूरी मामले पर बात होगी जहां आप खुलकर अपनी राय रखेंगे।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपको किसी बुजुर्ग की सेवा का अवसर मिलेगा, इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे। आज आप हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे। आपको सोचे हुए कामों से फायदा हो सकता है। कोशिश करेंगे तो आपको सफलता मिल सकती है। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे। लवमेट का आज रिश्ता तय हो सकता है जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।



**कर्क**
आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़ें लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज आपको रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी करेंगे आपका लेन-देन भी तेज हो सकता है।




**सिंह**
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हें आप बखूबी निभायेंगे। आप जिस काम को करने का प्रयास करेंगे, उस काम में आपको कामयाबी मिलेगी। आज आपको मेहनत का फल मिलेगा इससे आपका हौसला बढ़ेगा। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देंगे, इससे गलती से भी आप सुरक्षित रहेंगे।



**कन्या**
आज का दिन सामान्य रहेगा। आज आपके सामने चुनौतियां भी आएंगी आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे सफलता हासिल होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन थोड़ा सामान्य रहेगा। करियर संबंधी चुनाव आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकता है लेकिन सही पॉइंट का चुनाव करना बेहतर रहेगा। माता पिता से आशीर्वाद लेने से आपकी सभी परेशानियों से राहत मिल जाएगी। आपकी सेहत अच्छी रहेगी।




**तुला**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो कोई बिजनेस करने की सोच रही हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें ,अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालने से आपका मन शांत रहेगा। किसी दोस्त से कामकाज के मामले में आपको कुछ नए आइडिया मिल सकते हैं।



**वृश्चिक**
आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में उतार-चढ़ाव से आप परेशान हो सकते हैं लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। आज घर में बच्चों के साथ आपका अच्छा टाइम बीतेगा। माता पिता बच्चों को कोई अच्छी सलाह भी दे सकते है। छात्रों को आज ऑनलाइन कुछ नया सीखने को मिलेगा।




**धनु**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। ऑफिस में अच्छे परफॉर्मेंस के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आयेंगे। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए खुशी मिलेगी। दोस्ती में चल रही अनबन को ख़त्म करने के लिए आप दोस्ती का हाथ बढ़ा सकते हैं।



**मकर**
आज का दिन आज ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है। आप दिन का अधिक समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी कंपनी से मेल आ सकती है। दांपत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।



**कुंभ**
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक से कोई बड़ा फायदा हो सकता है , आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा।



**मीन**
आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपको पुरानी बातें भी याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी। किसी दूसरों की नकल न करें अपने आप पर विश्वास करें।

# तोतलभर्री प्राथमिक शाला में भवन और शिक्षक की कमी पर पालकों का फूटा गुस्सा, मुख्य द्वार पर जड़ा ताला

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड अंतर्गत वनांचल ग्राम तोतलभर्री स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली को लेकर पालकों और ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। स्कूल भवन और पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था न होने से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह स्कूल के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी। स्कूल समय पर हुई इस तालाबंदी से शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया।



**○ प्रशासन को 6 माह से अवगत कराने के बाद भी नहीं मिली स्वीकृति, ग्रामीणों में दिखा भारी आक्रोश**
**○ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बाद खुला ताला, ग्रामीणों ने दिया 1 माह का अल्टीमेटम**

### 6 माह से गुहार के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वे पिछले 6 महीने से स्कूल भवन निर्माण और शिक्षकों की पदस्थापना को लेकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ), जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ), एसडीएम, कलेक्टर सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तक लगातार आवेदन दे चुके हैं।

इसके बावजूद अब तक न तो नवीन भवन की स्वीकृति मिली और न ही पर्याप्त शिक्षक पदस्थ किए गए। लगातार हो रही उपेक्षा से क्षुब्ध होकर पालकों, जनपद सदस्यों, सरपंच, पंच और ग्रामीणों ने एकजुट होकर स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और धरने पर बैठ गए।

### अधिकारियों ने दी बजट प्रक्रिया की जानकारी

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी और भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शाला के लिए बजट पास होने की प्रक्रिया प्रचलन में है तथा वी.बी. राम जी मद से अतिरिक्त कक्ष निर्माण का प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रेषित किया जा चुका है।

### मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा एक माह के भीतर ठोस पहल करने के लिखित व मौखिक आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने ताला खोला और प्रदर्शन स्थगित किया। इस दौरान हाईस्कूल प्राचार्य राम प्रसाद पड़ौती, जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण तथा बड़ी संख्या में पालक व ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने दो-टूक चेतावनी दी है कि यदि दिए गए समय में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे व्यापक और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# संगीत नगरी में मूसलाधार बारिश का असर : गणेश विसर्जन झांकियां स्थगित, अब रविवार को निकलेगा भव्य कारवां

**0 शनिवार की जगह 27 सितंबर को होगा विसर्जन, सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर समितियों ने लिया फैसला**




खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी खैरागढ़ और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। लगातार हो रही भारी बारिश और सड़कों पर जलभराव की स्थिति को देखते हुए शनिवार को निकलने वाली प्रसिद्ध एवं भव्य गणेश विसर्जन झांकियों का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। गणेश उत्सव समितियों और स्थानीय जिम्मेदारों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि अब यह भव्य शोभायात्रा रविवार, 27 सितंबर को निकाली जाएगी।

### सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया निर्णय

शहर में पिछले 48 घंटों से रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश के कारण प्रमुख मार्गों और विसर्जन रूट पर व्यवस्थागत दिक्कतें आ रही थीं। झांकियों में प्रयुक्त होने वाली विद्युत सज्जा, साउंड सिस्टम और कलाकारों की सुरक्षा को देखते हुए समितियों ने यह कदम उठाया। आयोजकों का कहना है कि भारी बारिश में श्रद्धालुओं, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए एक दिन का समय बढ़ाना उचित समझा गया।

### रविवार को उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

तारीख में बदलाव के बाद अब रविवार दोपहर से खैरागढ़ नगर में गणपति बप्पा की विदाई का सिलसिला शुरू होगा। देर रात तक चलने वाले इस चल समारोह में नगर सहित आसपास के जिलों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सभी समितियां अपनी-अपनी आकर्षक एवं जीवंत झांकियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं। आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस मुस्तैद है। भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं और प्रमुख चौक-चौराहों पर सुगम यातायात बनाए रखने के लिए विशेष रूट प्लान तैयार किया गया है। विसर्जन रूट पर सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी रखी जाएगी।

# उमरवाही में भाजपा को मिली मजबूती : 20 ग्रामीणों ने थामा पार्टी का दामन

जोंधरा (दावा)। विधानसभा क्षेत्र खुज्जी अंतर्गत भाजपा मंडल कुमर्दा के ग्राम पंचायत उमरवाही के आश्रित ग्राम गोटाटोला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी को बड़ी राजनीतिक मजबूती मिली। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के 20 ग्रामीणों ने भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने नवप्रवेशी सदस्यों को पार्टी का पट्टा पहनाकर संगठन में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



**○ सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच से हुआ नवप्रवेश; प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने दिलाई सदस्यता**
**○ पार्टी की जनहितैषी नीतियों और विकास कार्यों पर जताया भरोसा, कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह**

### ग्रामीणों का जुड़ाव संगठन के प्रति विश्वास का प्रतीक : कैलाश शर्मा

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में ग्रामीणों का पार्टी से जुड़ना संगठन के प्रति उनके अटूट विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का जनाधार गांव-गांव तक कार्यकर्ताओं के समर्पण से मजबूत हो रहा है। शर्मा ने नवप्रवेशी सदस्यों से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा के अनुरूप क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा

कार्यक्रम में जिला मंत्री बोधन साहू ने कहा कि नए साथियों के आने से क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। वहीं मंडल अध्यक्ष हिरदेव देवांगन ने कहा कि मंडल क्षेत्र के प्रत्येक बूथ को मजबूत करने का कार्य निरंतर जारी है और ग्रामीण अंचल में पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है। भाजपा का दामन थामने वालों में अरुण कोमा, आशीष चंद्रवंशी, आशीष साहू, गायत्री बाई साहू, कीर्तन लाल सिन्हा, खोम लाल कोमा, दिनेश कुमार, धनेश कुमार, डेमन लाल साहू, पद्मा बाई, बिहारी लाल यादव, मधु बाई, मीना बाई, योगेश कुमार, योगेश्वर कोमा, राहुल कुमार साहू, राम बाई, वेदु सिन्हा, सुरेंद्र कुमार एवं हितू साहू शामिल हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गोपाल भुआर्य, हरिलाल चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष अनंत तिवारी, कपिल बघेल, प्रचार-प्रसार प्रमुख प्रीतम साहू, शेष नारायण तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# तीज महोत्सव में दिखा महिलाओं का उत्साह : 500 मितानिनों का सम्मान, स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं मितानिनें



खैरागढ़ (दावा)। टिकरापारा स्थित बर्फानी धाम राम मंदिर परिसर में जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित तीज महोत्सव एवं मितानिन सम्मान समारोह हर्षोल्लास व उमंग के साथ संपन्न हुआ। समारोह में क्षेत्र भर से जुटीं लगभग 500 मितानिनों को समाज व स्वास्थ्य क्षेत्र में दिए जा रहे उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच महिलाओं का जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला।

समारोह की मुख्य अतिथि प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि मितानिनें गांव-गांव और अंतिम छोर तक सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने वाली सबसे मजबूत जमीनी कड़ी हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, नवजात शिशुओं का टीकाकरण, कुपोषण से मुक्ति और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए वे विपरीत परिस्थितियों में भी सतत कार्यरत रहती हैं। उनका सम्मान वास्तव में उनकी निस्वार्थ जनसेवा का सम्मान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं स्थानीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि मितानिनें स्वास्थ्य विभाग और ग्रामीण समुदाय के बीच सेतु का कार्य करती हैं। सीमित संसाधनों और मानदेय के बावजूद जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना उनकी निष्ठा को दर्शाता है। तीज जैसे पावन पर्व पर मातृशक्ति और मितानिन बहनों का सम्मान करना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से जुड़े पारंपरिक खेल जैसे फुगड़ी, गेड़ी दौड़ व अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्व की खुशियां साझा कीं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल दास साहू, शहर अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, नगर पंचायत अध्यक्ष (छुईखदान) रानी नम्रता गिरिराज किशोर दास, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिरमोर, मुढ़ीपार ब्लॉक अध्यक्ष तेजराम वर्मा, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, मोतीलाल जंघेल, पीसीसी सदस्य नीलांबर वर्मा, सुशीलकांत पांडे, जफ़र हुसैन खान, नासिर मेमन, विप्लव साहू, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, किशन रजक, यतेंद्रजीत सिंह, जितेंद्र सिंह गौर, यशेष ठाकुर, शत्रुहन धृतलहरे, पुरुषोत्तम वर्मा, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गहरवार, शेखर दास वैष्णव, रिंकू महोबिया उपस्थित रहे। महिला कांग्रेस की ओर से शहर अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर, ग्रामीण अध्यक्ष हेमकल्याणी तोड़े, हेमलता ठाकुर, रूखमणी देवांगन, कविता जंघेल, मीरा गुलाब चोपड़ा, सुमन पटेल, निगार अंजुम खान, गीता यादव, लक्ष्मी सिरमोर, श्रद्धा अग्रवाल, कोमल वर्मा एवं रतन सिंघी सहित बड़ी संख्या में मितानिनें और महिलाएं उपस्थित थीं।

# सरस्वती शिशु मंदिर तुमड़ीबोड़ में गूंजा 'वंदे मातरम', सामूहिक गायन से राष्ट्र भक्तिमय हुआ वातावरण

तुमड़ीबोड़ (दावा)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजना अनुसार स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर तुमड़ीबोड में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य एवं गरिमामय सामूहिक गायन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों, आचार्यों, अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने एक स्वर में 'वंदे मातरम' का समवेत गान कर समूचे परिसर को देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के गरिमामय आगमन के साथ हुई। तय समय-सारणी के अनुसार प्रातः ठीक 11:00 बजे उपस्थित विशाल जनसमूह ने एक साथ अनुशासित होकर सामूहिक राष्ट्रगीत का गायन किया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता ने अपने प्रबुद्ध उद्बोधन में 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक महत्व और स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के लिए इसके प्रेरणास्रोत बनने की गौरवशाली गाथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और समर्पण की भावना जाग्रत करने में ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होते हैं। आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम सरपंच भुवनेश्वरी साहू, ग्राम पटेल अमरोतन साहू, डॉ. विद्यविलास, टीकम पटेल, श्रीवास्तव, जितेंद्र सिन्हा, निर्मला सिन्हा, एस.पी. तिवारी, प्रधान पाठिका प्रज्ञा श्रीवास्तव एवं उर्वशन साहू सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यालय परिवार के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पालकों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



**0 राष्ट्रीय गीत के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती की योजना अनुसार हुआ भव्य आयोजन**
**0 जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों व छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में किया राष्ट्रीय गीत का गान**

# एसडीएम की बैठक का पटवारी द्वारा किया गया बहिष्कार



डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड में कार्यरत पटवारियों द्वारा एसडीएम द्वारा रखी गई मीटिंग में पुरजोर विरोध कर मीटिंग का बहिष्कार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटवारीयों द्वारा आरोप लगाया गया है कि शुक्रवार की सुबह 10 बजे नए अनुविभागीय अधिकारी अक्षय जोशी (आई ए एस) द्वारा हर शुक्रवार की जा रही बैठक में हर सप्ताह की तरह, अपने दबावपूर्ण अंदाज में पटवारियों के साथ अपने धमकीभरे अंदाज से दुर्व्यवहार पूर्ण व्यवहार किया गया। सोशल मीडिया में वायरल मैसेज में बताया गया कि,लगातार तीसरे सप्ताह जब दबाव असहनीय हो गया तो पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष भीष्म ठाकुर के नेतृत्व में डोंगरगढ़ के सभा पटवारियों ने भरी मीटिंग से वाक आउट कर स्क्षरू और उनके कार्यो का बहिष्कार कर दिया। भीषम ठाकुर का कहना है कि अब लड़ाई आर-पार की शुरू हो चुकी है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी श्री जोशी (आई ए एस) का पक्ष लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# डोंगरगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 774 ग्राम गांजे के साथ बाइक सवार तस्कर गिरफ्तार

**सांकरदाहरा मार्ग पर नाकाबंदी कर पुलिस ने दबोचा, तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त**




डोंगरगांव (दावा)। जिले में अवैध नशे के कारोबार पर नकेल कसने चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डोंगरगांव पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांजे की अवैध तस्करी कर रहे एक बाइक सवार युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 774 ग्राम मादक पदार्थ गांजा और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

### मुखबिर की सूचना पर की गई नाकाबंदी

अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में 24 सितंबर को पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक बाइक से अवैध रूप से गांजा लेकर बिक्री करने की फिराक में ग्राम पांगरीकला से सांकरदाहरा की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही डोंगरगांव पुलिस टीम ने सांकरदाहरा मार्ग पर घेराबंदी कर नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 08 एएन 8374) को रोककर चालक से पूछताछ की गई। संदेही ने अपना नाम पीयूष कुमार साहू (19 वर्ष), निवासी ग्राम पांगरीकला बताया।

वाहन की विधिवत तलाशी लेने पर डिक्की में रखे पीले रंग के थैले से सफेद पॉलीथिन में पैक कुल 774 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने गांजा और प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 298/2026, धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया। पुलिस अब वाहन स्वामी की जानकारी जुटाने के साथ ही इस नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों (बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज) की पड़ताल कर रही है।

# ग्राम पंचायत बेलगांव में 15वें वित्त की राशि में बंदरबांट का आरोप : वरिष्ठ करारोपण अधिकारी छत्रपाल ठाकुर के नेतृत्व में 3 सदस्यीय जांच कमेटी गठित

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत बेलगांव में शासन से प्राप्त 15वें वित्त आयोग की राशि सहित अन्य मदों में लाखों रुपये के कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अक्षय जोशी (आईएएस) के निर्देश पर जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू ने त्रिस्तरीय जांच समिति का गठन कर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। वरिष्ठ करारोपण अधिकारी छत्रपाल ठाकुर के नेतृत्व में गठित इस जांच समिति में एडीओ कमलेश देवांगन और उप अभियंता (इंजीनियर) ऋषभ सुलाखे को सदस्य नियुक्त किया गया है।




**एसडीएम अक्षय जोशी के निर्देश पर जनपद सीईओ भगवती साहू ने गठित की जांच टीम**
**○ सरपंच, सचिव व करीबियों पर बिना जीएसटी बिल भुगतान, फर्जी कार्य व अवैध मुरूम खनन के गंभीर आरोप; निष्पक्ष जांच का भरोसा**

### फर्जी बिल और मदों के दुरुपयोग का आरोप

प्राप्त जानकारी व शिकायतों के अनुसार, बेलगांव सरपंच एवं सचिव पर उपसरपंच के चचेरे भाई (हीरामन तेली ट्रेडर्स) और पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा नेता छबील साहू के पुत्र लेखराम साहू के साथ मिलीभगत कर सरकारी राशि के गबन का आरोप है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि बिना वैध जीएसटी बिल के ठेकेदार के नाम से शासकीय मदों से लाखों रुपये आहरित किए गए। पंचायत में 3 ई-रिक्शा उपलब्ध होने के बावजूद निजी वाहन लगाकर कचरा उठवाया गया और मजदूरी का फर्जी भुगतान दर्शाया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 के महज 10 माह के कार्यकाल में 15वें वित्त की राशि से पेयजल आपूर्ति, कचरा संग्रहण और मजदूरी भुगतान के नाम पर 9 लाख रुपये से अधिक का मनमाना खर्च दिखाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि मकान टैक्स, नल टैक्स, सफाई टैक्स, व्यावसायिक परिसर किराया, बाजार नीलामी और मूलभूत मद से प्राप्त पंचायत की लाखों रुपये की आय में भी भारी वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। रेलवे ठेकेदार से मिलीभगत कर निर्धारित 3 फीट की अनुमति के विपरीत तालाब से 25 फीट से अधिक गहराई तक अवैध मुरूम उत्खनन कराकर आर्थिक लाभ अर्जित किया गया।

### एसडीएम अक्षय जोशी ने दिया निष्पक्ष जांच का आश्वासन

मामले को लेकर बेलगांव मंडल कांग्रेस अध्यक्ष दिनेतू जांगड़े एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंचराम चंदेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अक्षय जोशी से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। एसडीएम अक्षय जोशी ने कांग्रेस प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्षता से जांच कराई जाएगी। उन्होंने जनपद सीईओ को तय समय-सीमा में जांच पूरी कर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

# जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार, धारदार कड़ा जब्त

डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ रोड स्थित कक्कड़ पेट्रोल पंप के पास पैसे के विवाद को लेकर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और धारदार वस्तु से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को डोंगरगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त धारदार कड़ा भी बरामद कर लिया है।



**पैसे के लेनदेन के विवाद में की थी मारपीट, सिर व हाथ में आई थीं गंभीर चोटें**

### शराब के नशे में लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 मार्च 2026 की रात लगभग 11:30 बजे वह अपने साथी चंदन गोउली एवं दिनेश यादव के साथ अलग-अलग बाइकों से जा रहा था। कक्कड़ पेट्रोल पंप के समीप शराब के नशे में धुत आरोपी दिनेश यादव का चंदन गोउली से उधारी के पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जब प्रार्थी ने बीच-बचाव कर मना करने का प्रयास किया, तो आरोपी ने हाथ-मुक्के और हाथ में पहने ठोस व धारदार कड़े से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में प्रार्थी के सिर, बाएं हाथ और कमर में गंभीर चोटें आई थीं।

### डॉक्टरी मुलाहिजा के बाद बढ़ाई गई धारा

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर अपराध क्रमांक 125/2026, धारा 296, 115(2), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी (प्रशिक्षु डीएसपी) सुमन जायसवाल ने जांच शुरू कराई। प्रकरण के विवेचक प्रधान आरक्षक रूपेश देवांगन द्वारा आहत का मेडिकल मुलाहिजा कराया गया। डॉक्टर द्वारा चोटों के परीक्षण में कठोर एवं धारदार वस्तु से आघात पाए जाने पर मामले में धारा 118(1) बीएनएस की वृद्धि की गई।

**0 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल**

पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी दिनेश उर्फ दीनू यादव (28 वर्ष, निवासी बुधवारी पारा, वार्ड क्रमांक 15, डोंगरगढ़) को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हमले में इस्तेमाल किया गया धारदार कड़ा जब्त करते हुए आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

# श्रीलंका ने इंग्लैंड दौरे पर दर्ज की पहली जीत

नई दिल्ली। कुसल मेंडिस (121) के रिकॉर्ड तोड़ शतक के दम पर श्रीलंका ने दूसरे वनडे में इंग्लैं को 16 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी की। यह मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर श्रीलंका की पहली जीत भी रही।

लीड्स में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करके 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 321 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 50 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 305 रन बना सकी। याद दिला दें कि इंग्लैंड ने पहला वनडे 89 रन से जीता था। अब दोनों देशों के बीच सीरीज का तीसरा व अंतिम वनडे रविवार को द ओवल में खेला जाएगा।

कुसल मेंडिस टीम का नेतृत्व करते हुए वनडे शतक जमाने वाले श्रीलंका के दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बने। इससे पहले यह उपलब्धि कुमार संगकारा हासिल कर



सके थे। संगकारा ने 18 मार्च 2011 को न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में 128 गेंदों में 111 रन बनाए थे। तब संगा श्रीलंका के कप्तान और विकेटकीपर दोनों भूमिका निभा रहे थे।

कुसल मेंडिस इंग्लैंड के खिलाफ वनडे शतक जमाने वाले तीसरे श्रीलंकाई कप्तान बने। इसी के साथ वो सनथ जयसूर्या और महेला जयवर्धने के क्लब से जुड़े। जयवर्धने और जयसूर्या दोनों ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की कप्तानी करते हुए दो-दो वनडे शतक जड़े। कुसल मेंडिस इंग्लैंड के खिलाफ टीम का नेतृत्व करते हुए वनडे शतक जमाने वाले दुनिया के तीसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बने। साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक ने सबसे पहले यह उपलब्धि हासिल की थी। डी कॉक ने 4 फरवरी 2020 को केपटाउन में इंग्लैंड के खिलाफ 107 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने इंग्लैंड के खिलाफ कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाते हुए दो वनडे शतक जमाए।

### बाबर आजम अब भी नंबर-1

इंग्लैंड के खलिाफ कप्तान के रूप में वनडे शतक का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने का रिकॉर्ड बाबर आजम के नाम दर्ज है। पाकिस्तान के कप्तान ने 13 जुलाई 2021 को बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ 139 गेंदों में 158 रन की पारी खेली थी। वो दुनिया के इकलौते कप्तान हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में 150+ स्कोर बनाया।

# नेपाल का बड़ा उलटफेर, शानदार गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान को चटाई धूल





नई दिल्ली। शानदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के प्रदर्शन की बदौलत नेपाल क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 में बड़ा उलटफेर कर दिया। नेपाल ने चौथे मुकाबले में शुक्रवार को अफगानिस्तान को 5 विकेट से शिकस्त दी। इससे पहले अफगान टीम ने जापान को मात दी थी।

कप्तान दीपेंद्र सिंह ऐरी और संदीप लामिछाने, कुशल भुरतेल और ललित राजबंशी की कसी हुई गेंदबाजी के चलते अफगानिस्तान टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 102 रन ही बना सकी। 103 रन का लक्ष्य नेपाट टीम ने 18वें ओवर में 5 विकेट गंवाकर चेज कर लिया। अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और 5 ओवर में टीम ने 3 विकेट गंवा दिए। ललित राजबंशी ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर हसन ईसाखिल (0) को बोल्ड किया। मोहम्मद अकरम (2) और करीम जनत (9) को ललित ने पवेलियन भेजा। इसके बाद फैसल शिनोजादा ने नजीबुल्लाह जादरान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30-30 रन बनाए। कप्तान दरविश रसूली का तो खाता तक नहीं खुला। नंगेलिया खरोती 17 रन बनाकर नाबाद रहे। ललित राजबंशी ने 3 और कुशल भुरतेल ने 4 विकेट झटके।

103 रन चेज करने उतरी नेपाल टीम की सलामी जोड़ी भी सस्ते में आउट हो गई।

# मनकी में फसलों की सुरक्षा के लिए 'फांफा तिहार' मनाने हुई बैठक



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम पंचायत मनकी में सरपंच अनामिका यादव की उपस्थिति में ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण व आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामवासियों ने खेती-किसानी और गांव के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक में किसानों ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा न होने के कारण धान की फसलों में कई तरह के रोग लगने लगे हैं। खेतों में झुलसा, माहो एवं अन्य हानिकारक कीट-पतंगों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि फसलों को कीट-व्याधियों के प्रकोप से बचाने के लिए गांव में पारंपरिक फांफा तिहार मनाए जाने की सुदीर्घ परंपरा रही है। मान्यता है कि इस अनुष्ठान से फसलों को कीट प्रकोप से मुक्ति मिलती है और खेतों में हरियाली व खुशहाली आती है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फसलों की रक्षा के लिए गांव में विधिवत फांफा तिहार मनाया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में पंचायत क्षेत्र के कई अन्य बुनियादी और विकास संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा कर आगामी कार्ययोजनाएं तय की गईं। इस अवसर पर सरपंच अनामिका यादव, उपसरपंच, पंचगण तथा बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिकों के आरक्षित पद सिविलियन अभ्यर्थियों के लिए खोलने पर विरोध

**राज्य सैनिक बोर्ड की अनुमति बिना रिक्तियां जारी करने के प्रावधान से पूर्व सैनिकों में भारी आक्रोश**

**आरक्षण अधिकारों को कमजोर न करे सरकार : गोवर्धन शर्मा**

राजनांदगांव (दावा)। भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदों को सिविलियन (सामान्य) अभ्यर्थियों के लिए खोलने संबंधी सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के आदेश को लेकर पूर्व सैनिकों में भारी नाराजगी है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद रायपुर ने इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए प्रदेश सरकार से आदेश की तत्काल समीक्षा कर इसे वापस लेने की मांग की है।

परिषद ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के लिए तय रिक्तियों को राज्य सैनिक बोर्ड की अनुमति के बिना सिविलियन अभ्यर्थियों के लिए जारी करने का प्रावधान पूर्व सैनिकों के हितों पर सीधा कुठाराघात है। देश की सीमा सुरक्षा और राष्ट्रसेवा में जीवन का अहम हिस्सा समर्पित करने वाले जवानों के पुनर्वास, रोजगार और अधिकारों की रक्षा करना शासन का प्राथमिक कर्तव्य है।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला रायपुर अध्यक्ष सूबेदार गोवर्धन शर्मा ने कहा कि पूर्व सैनिकों के लिए तय आरक्षण व रोजगार संबंधी प्रावधानों को शिथिल या कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। सामान्य प्रशासन विभाग के इस आदेश से प्रदेशभर के पूर्व सैनिकों में गहरा असंतोष व्याप्त है। उन्होंने मांग की कि सरकार पूर्व सैनिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार करे और विवादित प्रावधान को वापस ले।

### मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

बैठक में परिषद के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस गंभीर विषय को लेकर संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री से प्रत्यक्ष मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल शासन के समक्ष पूर्व सैनिकों का पक्ष रखते हुए संबंधित आदेश को रद्द करने तथा उनके आरक्षित पदों को सुरक्षित रखने का आग्रह करेगा। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक खेमचंद निषाद, पन्नालाल सिन्हा, उपाध्यक्ष रवि साहू, मार्गदर्शक हेमलाल साहू, सलाहकार पन्नालाल साहू, सचिव जे.पी. नायक, संगठन सचिव राकेश सोनी सहित पितांबर साहू, गोविंद वर्मा, फर्मेंद्र साहू एवं रायपुर जिले के अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पूर्व सैनिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष का संकल्प दोहराया।

# धान की फसल में कीट-व्याधि से बचाव का सरल व प्रभावी फॉर्मूला

## पहले पोटाश, फिर यूरिया के प्रयोग से घटेगी 25 प्रतिशत लागत

**इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से दो बार सम्मानित भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने साझा किया 16 वर्षों का सफल अनुभव**



राजनांदगांव (दावा)। धान की फसल में तना छेदक व अन्य कीट-व्याधियों के प्रकोप से बचाव और कृषि लागत में कमी लाने के लिए भाजपा किसान नेता व प्रगतिशील कृषक अशोक चौधरी ने किसानों के साथ एक प्रभावी कृषि नवाचार साझा किया है। कृषि में नवाचार के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से दो बार पुरस्कृत हो चुके श्री चौधरी ने बताया कि रासायनिक खादों के सही तालमेल और समय प्रबंधन से बिना महंगे कीटनाशकों के भी फसल को सुरक्षित रखा जा सकता है। कृषि उपसंचालक टीकम सिंह ठाकुर द्वारा धान की फसल में कीट नियंत्रण हेतु जारी सलाह के संदर्भ में श्री चौधरी ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि लगभग 16 वर्ष पूर्व उन्होंने फिलीपींस में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय धान विशेषज्ञ व कृषि वैज्ञानिक अशोक मिश्रा का उद्बोधन सुना था। वैज्ञानिक श्री मिश्रा की सलाह के अनुसार धान बुवाई के समय डीएपी या सिंगल सुपर फास्फेट के साथ यूरिया व पोटाश देने के बाद जब पौधा 20-25 दिन का हो जाए। तब खाद डालने के तरीके में एक विशेष सावधानी रखनी चाहिए।

### पहले पोटाश, दो दिन बाद यूरिया का करें छिड़काव

श्री चौधरी के अनुसार पहली बार खाद देते समय 15 से 20 किलो पोटाश का पहले छिड़काव करें और उसके ठीक दो दिन बाद 25 से 30 किलो यूरिया डालें। यदि खेत में तना छेदक का जोखिम रहता है, तो पहली बार दिए जाने वाले खाद के साथ ही कीटनाशक मिलाकर छिड़कें, क्योंकि तना छेदक का कीट फसल के प्रारंभिक चरण में ही सक्रिय हो जाता है। इसके बाद जब भी दूसरी और तीसरी बार खाद का छिड़काव किया जाए, तब भी इसी प्रक्रिया को दोहराएं-यानी पहले पोटाश और उसके दो दिन बाद यूरिया का प्रयोग करें।

### 16 वर्षों से खेत में नहीं दिखा कीट-व्याधि का असर

अशोक चौधरी ने दावा किया कि वे बीते 16 वर्षों से वैज्ञानिक अशोक मिश्रा के बताए इस फॉर्मूले पर खेती कर रहे हैं और उनके बांकाल स्थित फार्म हाउस में कभी कीट-व्याधि का प्रकोप नहीं हुआ। उन्होंने किसानों को आमंत्रित करते हुए कहा कि यदि किसी किसान भाई को शंका हो, तो वे सीधे उनके फार्म हाउस आकर फसल का निरीक्षण कर सकते हैं।

### अत्यधिक यूरिया के सीधे प्रयोग से बढ़ते हैं कीट

श्री चौधरी ने कहा कि अक्सर किसान अत्यधिक मात्रा में यूरिया का असंतुलित छिड़काव कर कीटों को स्वयं आमंत्रित करते हैं। यदि किसान इस क्रमबद्ध तरीके को अपनाते हैं, तो कीटनाशक दवाओं के अनावश्यक खर्च से मुक्ति मिलेगी और खेती की कुल लागत में कम से कम 25 प्रतिशत तक की कमी आएगी। उन्होंने कृषि उपसंचालक टीकम सिंह ठाकुर, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के वैज्ञानिकों और कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापकों से भी आग्रह किया कि वे इस तकनीक का व्यावहारिक परीक्षण कराएं और अपने निष्कर्ष किसानों से साझा करें। जिससे किसानों की आय बढ़े और उपभोक्ताओं को शुद्ध अनाज मिल सके।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत घुमका में चला स्वच्छता ही सेवा



**शीतला तालाब सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों ने किया श्रमदान**

राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान के तहत नगर पंचायत घुमका में आज स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शीतला तालाब सहित नगर के विभिन्न स्थानों में व्यापक साफ-सफाई की गई।

जिसका उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वच्छ एवं सुंदर नगर के निर्माण में सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास, नगर के जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता कमांडो एवं स्वच्छता कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने श्रमदान करते हुए सार्वजनिक स्थलों, तालाब परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की तथा एकत्रित कचरे का समुचित निपटान किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

***'भाजपा चुनाव आयोग का पर्यायवाची....***

हिमाचल प्रदेश और मणिपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। SIR को लेकर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल चुनाव आयोग के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, चुनाव आयोग ने अपने फैसलों को सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय बताते हुए आंतरिक मतभेद से जुड़ी बातों को खारिज किया है।

***महिला की मॉफर्ड तस्वीर वायरल करने का आरोप, सीजेपी के दीपके, दास और रांका को दिल्ली हाईकोर्ट का नोटिस***

एफआईआर दर्ज होने के बावजूद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और वायरल लिंक हटाने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। महिला ने अपनी याचिका में पुलिस सुरक्षा समेत कथित आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

**एआई डीपफेक पर फिर उठा बड़ा सवाल :** यह मामला एक बार फिर सोशल मीडिया पर एआई डीपफेक और फेस स्वीपिंग के दुरुपयोग को लेकर सवाल खड़ा करता है। किसी व्यक्ति की तस्वीर में एआई के जरिए बदलाव कर उसे ऐसी परिस्थिति में दिखाया जा सकता है, जिसमें वह वास्तव में मौजूद ही नहीं था। ऐसे मामलों में पीड़ित व्यक्ति के लिए तस्वीर हटवाना, लिंक ब्लॉक कराना और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई महत्वपूर्ण हो जाती है।

**आरोप अभी अदालत में साबित नहीं हुए हैं :** इस मामले में महिला की ओर से सीजेपी नेताओं पर लगाए गए आरोप याचिका में किए गए दावे हैं। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए स्वीकार किया है। इसलिए आरोपों को फिलहाल न्यायिक रूप से स्थापित तथ्य के रूप में नहीं देखा जा सकता। मामले में आगे की सुनवाई के दौरान अदालत यह तय करेगी कि कथित डीपफेक सामग्री को हटाने और अन्य राहतों के संबंध में क्या निर्देश दिए जाते हैं।

***मुख्य चुनाव आयुक्त की बेटी का मामला : वकीलों के संगठन ने जस्टिस शर्मा की पीठ में 'आउट-ऑफ-टर्न' सुनवाई पर उठाए...***

से जुड़ा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आकृति चौधरी पर एनएसए लगाने की कार्रवाई को पूरी तरह मनगढ़ंत, गैरकानूनी और दुर्भावनापूर्ण ठहराते हुए हिरासत रद्द कर दी थी। साथ ही कोर्ट ने उत्तर प्रदेश शासन को 5 लाख रुपये मुआवजा देने तथा यह राशि सीधे जिलाधिकारी मेधा रूपम व संबंधित अधिकारियों के वेतन से वसूलने का कड़ा निर्देश दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम रोक :** हाईकोर्ट के इस आदेश और प्रतिकूल टिप्पणियों के खिलाफ मेधा रूपम ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी के खिलाफ की गई तल्ख टिप्पणियों और 5 लाख रुपये हर्जाना वसूली के निर्देश पर अंतरिम रोक (स्टे) लगा दी थी (हालांकि हाईकोर्ट द्वारा एनएसए रद्द करने के आदेश को बरकरार रखा गया है)।

**सीजेआई से निष्पक्ष हस्तक्षेप की गुहार :** लॉयर्स एसोसिएशन ने प्रधान न्यायाधीश से आग्रह किया है कि मामलों के आवंटन और रोस्टर के सख्त पालन की शुचिता बनाए रखने के लिए इस पूरे प्रकरण की समीक्षा की जाए। उन्होंने मांग की है कि मामले को नियमानुसार संबंधित रोस्टर वाली पीठ के समक्ष पारदर्शी तरीके से नए सिरे से सुनवाई के लिए भेजा जाए, ताकि न्यायपालिका की विश्वसनीयता और संवैधानिक मर्यादा अक्षुण्ण बनी रहे।

# पीएम मत्स्य संपदा योजना से बदली हेमलाल की किस्मत



**पॉण्ड लाइनर से वैज्ञानिक मछली पालन कर कमा रहे सालाना 6 लाख रूपए**

मोहला (दावा)। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासन की कल्याणकारी योजनाएं सुदूर वनांचल के ग्रामीणों की आजीविका और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इसका सटीक उदाहरण विकासखंड मोहला के ग्राम दुग्गाटोला निवासी कृषक हेमलाल चुरेन्द्र हैं। उन्होंने 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' का लाभ उठाकर अपनी निजी भूमि पर पॉण्ड लाइनर का निर्माण कराया और वैज्ञानिक पद्धति से मछली पालन शुरू कर अपनी तकदीर बदल दी है। कभी सीमित आय में गुजारा करने वाले हेमलाल आज मत्स्य पालन से प्रतिवर्ष करीब 5 से 6 लाख रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर रहे हैं। हेमलाल चुरेन्द्र को वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य पालन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पॉण्ड लाइनर निर्माण के लिए शासकीय अनुदान स्वीकृत हुआ था। विभागीय मार्गदर्शन में उन्होंने आधुनिक तकनीक से तालाब का निर्माण कराया और गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज का संचयन किया। पारंपरिक तरीकों से हटकर हेमलाल ने आधुनिक प्रबंधन को अपनाया। वे नियमित रूप से पानी के पीएच व गुणवत्ता की जांच करते हैं और तालाब में ऑक्सीजन स्तर बनाए रखने के लिए एरिएशन तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। मछलियों की बेहतर वृद्धि के लिए वैज्ञानिक तौर पर प्रमाणित आहार का नियमित उपयोग किया जा रहा है। सही देखरेख के चलते मछलियों की मृत्यु दर घटी है और कम समय में बेहतर उत्पादन मिलने लगा है। अपनी सफलता पर हेमलाल चुरेन्द्र बताते हैं कि किसान केवल पारंपरिक खेती पर निर्भर रहने के बजाय मत्स्य पालन जैसे सहायक व्यवसायों को अपनाकर अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। उनका कहना है कि यदि विभागीय मार्गदर्शन और वैज्ञानिक पद्धतियों का पालन किया जाए, तो कम लागत में नियमित और स्थायी आमदनी का जरिया खड़ा किया जा सकता है।

हेमलाल की यह उपलब्धि साबित करती है कि शासकीय योजनाएं सिर्फ वित्तीय सहायता का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त जरिया भी हैं। मत्स्य पालन से परिवार की आजीविका सुरक्षित होने के बाद अब वे क्षेत्र के अन्य किसानों को भी स्वरोजगार की इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## फसल विविधीकरण की ओर बढ़े कदम : किसान एवन साहू ने 56.5 एकड़ में अपनाई वैकल्पिक फसलों की खेती



डोंगरगांव (दावा)। शासन की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना के तहत धान के बदले अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती को बढ़ावा देने की पहल अब धरातल पर रंग लाने लगी है। योजनांतर्गत धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले पंजीकृत किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना से प्रेरित होकर डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम धौराभांठा निवासी प्रगतिशील किसान एवन साहू ने नवाचार करते हुए अपने 56.5 एकड़ रकबे में पारंपरिक धान के बदले विभिन्न वैकल्पिक फसलों की सफल बुआई की है। किसान एवन साहू ने जोखिम प्रबंधन और जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए 56.5 एकड़ भूमि पर फसल विविधीकरण का अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया है। उन्होंने वैकल्पिक फसल के रूप में 30 एकड़ में नकदी फसल कपास, 12 एकड़ में तिलहनी फसल सोयाबीन, 12 एकड़ में पौष्टिक मोटा अनाज (मिलेट्स) रागी, 2 एकड़ में औषधीय फसलें, 0.5 एकड़ (आधा एकड़) में दलहन के रूप में अरहर की खेती की है।

किसान एवन साहू ने बताया कि धान की फसल में अत्यधिक जल आवश्यकता, कीट-व्याधियों का बढ़ता प्रकोप और मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण लागत की तुलना में उत्पादन लगातार प्रभावित हो रहा था। ऐसे में कृषि विभाग द्वारा आयोजित विशेष कार्यशालाओं और मैदानी अधिकारियों के तकनीकी मार्गदर्शन से प्रेरित होकर उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन का निर्णय लिया। कृषि विभाग द्वारा उनके खेतों में सोयाबीन और रागी के प्रदर्शन प्लॉट भी लगाए गए तथा उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा उन्होंने जोखिम से बचाव के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसलों का बीमा भी कराया है।

एवन साहू न केवल स्वयं खेती में बदलाव ला रहे हैं, बल्कि आसपास के किसानों को भी कम पानी में बेहतर मुनाफा देने वाली दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो-कुटकी, रागी और सब्जियों की खेती के लिए जागरूक कर रहे हैं। वे क्षेत्र में रबी एवं ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन-तिलहन लेने के लिए अभियान चला रहे हैं। आगामी रबी सीजन में वे नकदी फसल के रूप में बड़े पैमाने पर औषधीय फसल लगाने की योजना बना रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा 'आत्मा' योजना के अंतर्गत उन्हें औषधीय खेती के आधुनिक गुर और बाजार लिंकेज की जानकारी देने हेतु शैक्षणिक भ्रमण पर भी भेजा जाएगा। प्रगतिशील किसान ने किसानों के सशक्तिकरण के लिए संचालित जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : हाईवे किनारे के मकानों, दुकानों व सरकारी दफ्तरों में लगेंगे सोलर पैनल, सर्वे के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को शहरी क्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने निगम सभागार में विद्युत मंडल, निगम अधिकारियों एवं अधिकृत वेंडर्स की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विशेष रूप से नेशनल हाईवे के दोनों किनारों पर स्थित आवासीय, व्यावसायिक परिसरों तथा शासकीय भवनों में सोलर रूफटॉप पैनल लगाने हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सर्वे के निर्देश दिए गए।



नेशनल हाईवे के दोनों ओर 100 मीटर के दायरे में होगा संयुक्त सर्वे, ऑनलाइन भरे जाएंगे आवेदन
ऊर्जा उत्पादन के साथ बिजली बिल से मिलेगी राहत : निगम, विद्युत मंडल और वेंडर्स की हुई बैठक

### घर में ऊर्जा उत्पादन से मिलेगी बिजली बिल से मुक्ति : आयुक्त

आयुक्त जी.आर. मरकाम ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपने ही घर की छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन के जरिए भारी-भरकम बिजली बिलों से मुक्ति दिलाना और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार सामान्य बस्तियों और कॉलोनियों के साथ-साथ अब हाईवे कॉरिडोर पर विशेष फोकस किया जा रहा है। नेशनल हाईवे के दोनों ओर 100 मीटर के दायरे में आने वाले सभी निजी मकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सरकारी कार्यालयों का प्राथमिकता से सर्वे कराया जाएगा।

### संयुक्त टीम करेगी सर्वे, लोगों को करेगी प्रेरित

आयुक्त ने निर्देश दिए कि विद्युत मंडल, नगर निगम के तकनीकी अधिकारी तथा राजस्व अमला संयुक्त टीम बनाकर फील्ड सर्वे सुनिश्चित करेंगे। टीम घर-घर और प्रतिष्ठानों में जाकर लोगों को सोलर पैनल के फायदे, शासन से मिलने वाली सब्सिडी तथा निवेश की वापसी के संबंध में जागरूक करेगी। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया मौके पर ही कराई जाएगी। सभी शासकीय कार्यालयों की छतों पर सोलर पैनल लगाना अनिवार्य किया गया है। बैठक में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के. रामटेके, प्रभारी कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम सहित विद्युत मंडल व नगर निगम के सहायक व उप अभियंता, राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी और योजना से जुड़े अधिकृत वेंडर्स मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनी का किया औचक निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सोमनी का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, मानव संसाधन, अधोसंरचना एवं दैनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए आम नागरिकों व मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर ने आपातकालीन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल डीजी (डीजल जनरेटर) सेट चालू कराने तथा उसके नियमित संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की दशा में किसी भी स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। जनरेटर के संचालन, ईंधन की उपलब्धता और लॉगबुक संधारण की जवाबदेही तय करने के साथ ही अस्पताल परिसर को सौर ऊर्जा से जोड़ने की कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में बने कमरों और लंबे समय से अनुपयोगी पड़े भवनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन भवनों की मरम्मत कराकर स्टोर, स्वास्थ्य प्रशिक्षण, बैठकों एवं अन्य गतिविधियों में उपयोग किया जाए। उन्होंने अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) को निर्देशित किया कि वे शीघ्र जीवन दीप समिति की बैठक बुलाकर भवनों के जीर्णोद्धार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार संबंधी प्रस्तावों पर त्वरित निर्णय लें।



### आपातकालीन व लैब सुविधाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने दुर्घटना या अन्य आपात स्थितियों में दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा, ड्रेसिंग, ऑक्सीजन सपोर्ट और आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने ब्लड स्टोरेज/ब्लड बैंक की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्टाफ के आवश्यक प्रशिक्षण और भविष्य में इसे और उन्नत बनाने के निर्देश दिए।

# बाहरी वेशभूषा से नहीं, बल्कि कर्मों से बनता है कोई संत-महापुरुष : कुलभूषण चौधरी

राजनांदगांव (दावा)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से ग्राम हैदलकोड़ो और ग्राम कोटरासरार में 21 व 22 सितंबर को दो दिवसीय विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें सतगुरु माता जी के पावन संदेश का प्रसार करने सहारनपुर (उत्तरप्रदेश) से पहुंचे जोनल इंचार्ज व ज्ञान प्रचारक कुलभूषण चौधरी ने श्रद्धालुओं को अमृतमयी वचनों से निहाल किया।



ग्राम हैदलकोड़ो व कोटरासरार में दो दिवसीय विशाल निरंकारी सत्संग संपन्न
ज्ञान प्रचारक ने कहा- गुरु को मानने के साथ-साथ गुरु की बात मानना भी जरूरी

सत्संग को संबोधित करते हुए ज्ञान प्रचारक कुलभूषण चौधरी ने कहा कि केवल बाहरी वेशभूषा या चोला धारण करने से कोई संत या महापुरुष नहीं बन जाता। व्यक्ति का कर्म ही उसे संत बनाता है और कर्म ही ज्ञान की सच्ची कसौटी है। सच्चा भक्त वही है, जो स्वयं निरंकार-दातार से जुड़कर संसार के अन्य प्राणियों को भी इस परमात्मा से जोड़ने का प्रयास करता है। जब मनुष्य सर्वव्यापी ईश्वर को जानकर सब कुछ उसी का मान लेता है, तब उसके भीतर से ऊंच-नीच और भेदभाव की संकीर्ण भावनाएं पूरी तरह समाप्त हो जाती हैं।

### गुरु के आदेशों को जीवन में उतारना आवश्यक

उन्होंने आगे कहा कि आज लोग गुरु को तो मानते हैं, लेकिन गुरु की बात या उनकी शिक्षाओं का पालन नहीं करते। केवल आस्था रखने मात्र से जीवन का कल्याण संभव नहीं है। जब तक गुरु के आदेशों को आचरण में न ढाला जाए, तब तक वास्तविक सार्थकता नहीं मिलती। सत्संग में सदैव विनम्रता और सीखने का भाव लेकर आना चाहिए। क्योंकि अहंकार में डूबा व्यक्ति कभी आध्यात्मिक ऊंचाइयों को स्पर्श नहीं कर सकता। नियमित सुमिरन और संतों के वचनों को जीवन में उतारने से ही सच्ची आत्मिक शक्ति और सुख की प्राप्ति होती है।

# एनएसएस स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने किया वृक्षारोपण

डोंगरगढ़ (दावा)। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्थापना दिवस पर सामुदायिक सेवा और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एसके सिंह, उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार पाल एवं शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के साथ एनएसएस की इकाई गोद ग्राम नागतराई पहुंची। यहां माध्यमिक शाला परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पौधरोपण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और नशामुक्ति को लेकर अपने विचार भी रखे। एनएसएस का उद्देश्य नागतराई को स्वच्छ, सुंदर और नशामुक्त गांव बनाने के साथ साक्षरता को बढ़ावा देना भी है।

कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार पाल ने वर्तमान समय में वृक्षारोपण की आवश्यकता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र बृजेश कुमार ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर विचार रखे। कक्षा 11वीं के छात्र सूर्य किरण साहू ने स्वच्छता और साफ-सफाई के माध्यम से बीमारियों से बचाव की जानकारी दी।




गोद ग्राम नागतराई में स्वच्छता और नशामुक्ति का दिया संदेश, विद्यालय परिसर में भी लगाए पौधे
स्वच्छता से बीमारियों से बचाव का दिया संदेश

कार्यक्रम में निखिल वर्मा, ईशान साहू, मुनेंद्र, उमेश, पूर्णानंद धावड़े, शुभम कोरे, चुनेश्वर एवं थानेश्वर कश्यप सहित विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।

### कई वर्षों से गांव में चल रही एनएसएस की गतिविधियां

नागतराई में एनएसएस इकाई द्वारा पिछले कई वर्षों से स्वच्छता, नशा उन्मूलन, प्रौढ़ शिक्षा और खुले में शौच निषेध जैसे विषयों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच भुवन वर्मा और ग्राम कोटवार का भी सहयोग रहा है। उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने माध्यमिक शाला के शिक्षकों, विद्यार्थियों, सरपंच एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### विद्यालय परिसर में भी लगाए पौधे

उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल, खेल शिक्षक अनिल कुमार पाल और कैटरिंग सुपरवाइजर अवध नारायण ने विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिसर में भी पौधरोपण किया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस वर्ष पूर्व छात्र टिकेश्वर नेताम और भीष्म ठाकुर के बैच के सहयोग से करीब 150 नारियल के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल के लिए सभी पूर्व विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मतदाता सूची पर उठे गंभीर सवालों का निर्वाचन आयोग दे स्पष्ट जवाब: हर पात्र नागरिक का वोट सुरक्षित रहे -विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। निर्वाचन आयोग के भीतर मतदाता सूची, नए मतदाताओं के पंजीयन, फार्म-6 में बदलाव और मतदाता डेटा की पहुंच को लेकर दो चुनाव आयुक्तों द्वारा पिछले 10 महीनों में 14 बार आपत्ति दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, इन आपत्तियों में कुछ कदमों को 'अनधिकृत' और 'गैरकानूनी' बताया गया तथा मतदाता डेटाबेस को दिल्ली में केंद्रीकृत किए जाने को लेकर भी चिंता जताई गई।



जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष का विषय नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के मताधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास का प्रश्न है। जब निर्वाचन आयोग के ही दो आयुक्त किसी निर्णय प्रक्रिया को लेकर बार-बार लिखित आपत्ति दर्ज कराते हैं, तो उन आपत्तियों पर देश की जनता को स्पष्ट और तथ्यात्मक जवाब मिलना चाहिए।

हर पात्र नागरिक का वोट सुरक्षित रहना चाहिए

विष्णु लोधी ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना अथवा बहाल करना अत्यंत संवेदनशील प्रक्रिया है। किसी भी पात्र नागरिक का नाम तकनीकी, प्रशासनिक या प्रक्रियागत कारणों से छूटना नहीं चाहिए। मतदाता डेटा की सुरक्षा के साथ-साथ संबंधित राज्य स्तरीय अधिकारियों की भूमिका और जवाबदेही भी स्पष्ट रहनी चाहिए।

# रक्तवीर माधव साहू ने किया 30वां रक्तदान, अनजान मरीज की बचाई जान



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव बनेगा रक्तवीरों का शहर के संकल्प को धरातल पर साकार करते हुए स्थानीय रक्तवीर माधव साहू ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर 30वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय (पेंड्री) में भर्ती एक अनजान व जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान कर समाज के सामने सेवा और संवेदनशीलता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

माधव साहू ने बताया कि उनका ब्लड ग्रुप 'ए पॉजिटिव' है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर पर किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने से मिलने वाला आत्मसंतोष किसी भी अन्य उत्सव से कहीं बड़ा है। उन्होंने समाज के युवाओं और नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने विशेष दिनों को केवल औपचारिक उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से जुड़कर किसी की जीवन रक्षा में सहभागी बनें। प्रत्येक स्वस्थ और योग्य व्यक्ति को नियमित अंतराल पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

# बेलगांव में 11 वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विविध आयोजन

डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगाँव डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में 11 वे आयुर्वेद दिवस के अवसर पर तहसील डोंगरगढ़ शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलगाँव में दिनांक 23/9/2026 को निःशुल्क चिकित्सा एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ आयशा गाजी आयुष चिकित्सक , शिव कुमार राजेकर फार्मासिस्ट आदि उपस्थित रहे। उक्त शिविर में कुल 70 रोगी लाभान्वित हुए जिसमे 30 रोगियों की ब्लड प्रेशर 20 रोगियो की मधुमेह की जांच की गई एवम् आहार-विहार की जानकारी दी गई।शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनो को गैर संक्रामक रोगों के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे मे तथा दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन, योग एवं प्रणायाम के संबंध में जानकारी भी दी गई और स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वर्षा ऋतु में होने वाले बीमारियों के बारे में बताए गया एच वन एन वन के बारे में बताए गया और औषधि वितरण किया गया.आयुर्वेद दिवस के अवसर पर धनवंतरी पूजन कर आयुष काढ़ा वितरण किया गया।



निःशुल्क चिकित्सा एवं जन जागरूकता शिविर का लाभ लिया ग्रामीणों ने - आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ आयशा गाजी

# नवीन शासकीय महाविद्यालय चिल्हाटी में हिंदी संगोष्ठी आयोजित, विद्यार्थियों ने रखे विचार



हिंदी के महत्व, उपयोगिता और वर्तमान संदर्भ में भूमिका पर हुई परिचर्चा
प्रभारी प्राचार्य डॉ. के.आर. रावटे ने अधिकाधिक हिंदी प्रयोग पर दिया जोर

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। नवीन शासकीय महाविद्यालय, चिल्हाटी में हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा हिंदी भाषा के महत्व, उपयोगिता और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उसकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति चेतना जाग्रत करना और इसके संवर्धन को बढ़ावा देना रहा। संगोष्ठी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मातृभाषा और राजभाषा के गौरव को अक्षुण्ण रखने तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. के. आर. रावटे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने हिंदी के समृद्ध इतिहास और वैश्विक पटल पर इसकी महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक बोलचाल और कार्य-व्यवहार में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। जिससे भाषा का स्वाभाविक संरक्षण और विकास संभव हो सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। संगोष्ठी का सफल संयोजन महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा किया गया।

# शिक्षक दिनेश कुरेटी ने जन्मदिन पर रोपे पौधे, 209 बच्चों को बांटे गुल्लक व राष्ट्रीय पहाड़ा

कल्लूबंजारी (दावा)। छुरिया विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के नवाचारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने अपना जन्मदिन सामाजिक सरोकार और नवाचार के साथ मनाया।



बचत की आदत और राष्ट्रीय भावना जागृत करने की अनूठी पहल
नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में किया गया सम्मानित, साथी शिक्षकों ने सराहा

उन्होंने प्राथमिक शाला के 85 बच्चों को गुल्लक और पूर्व माध्यमिक शाला के 124 बच्चों को राष्ट्रीय पहाड़ा चार्ट वितरित किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में छोटी-छोटी बचत करने की आदत डालना और राष्ट्रीय चेतना का विकास करना है।

इसके अलावा जन्मदिन की पूर्व संध्या पर उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ परिसर में नारियल के पौधे भी रोपे। वृक्षारोपण के दौरान नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के उपप्राचार्य संजय कुमार मंडल ने शिक्षक कुरेटी के शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा में योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित शिक्षकों की सहभागिता समाज व विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### सर्वांगीण विकास के लिए करते हैं नवाचार : मंडावी

प्रधानपाठक यू.एस. मंडावी ने बताया कि शिक्षक कुरेटी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार सक्रिय रहते हैं। वे हर बच्चे के जन्मदिन पर पेन भेंटकर उनका हौसला बढ़ाते हैं और स्वयं के जन्मदिन पर जरूरतमंद बच्चों को कॉपी व शिक्षण सामग्री बांटते हैं। इसके अलावा वे विद्यालय परिवार के सदस्यों के गंभीर रूप से बीमार होने पर आर्थिक सहयोग और आकस्मिक निधन पर परिजनों को सांत्वना राशि दिलाने जैसी मानवीय पहल में सदैव आगे रहते हैं। क्षेत्र के स्कूलों को स्मार्ट शाला बनाने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर अनिल कुमार पाल, उमादेवी ध्रुर्वे, शोभराय कार्ते, तिलक राम बढ़ई, अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, सुषमा नेताम, गीता कन्नौजे, चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम, चन्द्रकुमार उइके, रोमन कुमार साहू, सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आमाटोला में मनाया गया राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस



स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 75 मरीजों का हुआ उपचार, ग्रामीणों को आयुर्वेद अपनाने का दिया संदेश

अंबागढ़ चौकी (दावा)। आमाटोलाके जिला आयुष अधिकारी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के मार्गदर्शन में आयुर्वेद औषधालय आमाटोला में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 11वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सुखांतिन कस्तूरे, जनप्रतिनिधि भारतभूषण राजपूत, मदन साहू, केशव उमरिया, सचिव राजेश वैद्य, प्रभारी इकबाल हुसैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 75 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुर्वेदिक उपचार किया गया तथा उन्हें निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। इसके साथ ही पौधारोपण, आयुर्वेद संगोष्ठी एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। आयुर्वेद औषधालय के प्रभारी ने इस वर्ष की 'स्वास्थ्य कल के लिए' थीम के तहत आयुर्वेद की उपयोगिता, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी।

# बप्पा के विसर्जन पर बारिश का साया : आज निकलेगी जगमग करती झांकियां

## 0 अनंत चतुर्दशी पर बारिश के बाद अब पूर्णिमा की रात निकलेगी करीब तीन दर्जन भव्य झांकियां

## 0 धार्मिक व पौराणिक प्रसंगों का सजीव मंचन; प्रमुख झांकी मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में गणपति बप्पा की राजसी विदाई पर इस वर्ष लगातार बारिश का साया बना रहा। अनंत चतुर्दशी के दिन मूसलाधार बारिश के चलते शहर की ऐतिहासिक विसर्जन परंपरा का पर्व स्थगित करना पड़ा था। हालांकि, संस्कारधानी वासियों का उत्साह कम नहीं हुआ है। अनंत चतुर्दशी न सही, अब पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज शनिवार, 26 सितंबर की रात पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ शहर में लगभग तीन दर्जन जगमगाती झांकियां निकाली जाएंगी। 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष और डीजे-धुमाल की धुन पर श्रद्धालु रातभर झूमते नजर आएंगे।

### धार्मिक व पौराणिक प्रसंगों पर आधारित प्रमुख झांकियां

बाल समाज में शहर की सबसे प्राचीन समिति द्वारा श्री राधा-कृष्ण की होली उत्सव झांकी प्रस्तुत की जा रही है। अध्यक्ष नीरज पोरवाल व दामू भूतड़ा के अनुसार, इसमें वृंदावन का दृश्य संजोए राधा-कृष्ण की 8 फीट ऊंची मूविंग प्रतिमा मुख्य आकर्षण रहेगी। नवरत्न मंडल (रामाधीन मार्ग) में महाभारत कालीन खांडव वन दहन का दृश्य दिखेगा। अध्यक्ष अजय खंडेलवाल ने बताया कि 3 जीपों में सजी इस झांकी में 22 चलायमान (मूविंग) मूर्तियां शामिल हैं। सुमति मंडल में 104 वर्ष पुरानी इस समिति के अध्यक्ष नीलेश शुक्ला ने बताया कि ओडिशा के जगन्नाथ पुरी मंदिर और महाप्रभु के पावन रथ की दिव्य गाथा को 3 जीपों में मूविंग स्वरूप के साथ प्रदर्शित किया जाएगा। नवीन विद्यार्थी मंडल में 13 फीट ऊंचे विशाल आर्च और 3 जीपों में भगवान नरसिंह व देवाधिदेव महादेव के युद्ध का जीवंत प्रसंग 16 मूविंग मूर्तियों द्वारा दर्शाया जाएगा।उमंग समिति (हमालपारा) में 19 चलायमान मूर्तियों के जरिए त्रिदेव दर्शन (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) के साथ पर्यावरण व कांतारा का दृश्य दिखेगा। इसमें 12 फीट का विशाल शेर सहित कुल 5 दहाड़ते शेर विशेष आकर्षण होंगे। सिद्धिविनायक समिति (हलवाई लाइन) से 2 जीपों में 32 मूविंग मूर्तियों के साथ मां काली द्वारा रक्तबीज संहार और रक्त गिरते ही असुरों की उत्पत्ति का रौद्र दृश्य मंचित होगा। महावीर मंडल (सदर बाजार) से 14 फीट आर्च में तारकासुर वध का प्रसंग। 20 फीट की ताड़का मूर्ति 360 डिग्री घूमेगी। वहीं 3 जीपों में भगवान कार्तिकेय तारकासुर का संहार करते नजर आएंगे। मां शीतला समिति (सोनार पारा) से 17 फीट आर्च व रंग-बिरंगी रोशनी के साथ भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक रासलीला और मोरपंख-बांसुरी की थीम सजाई गई है। नवयुवक समिति (बसंतपुर) से मूषक पर सवार भगवान गणेश व मयूर पर आरूढ़ कार्तिकेय द्वारा माता पार्वती व शिव जी की गणेश परिक्रमा का दृश्य प्रस्तुत किया गया है। गण गणेशोत्सव (रामदेव मंदिर के पास) से 12 फीट आर्च और 3 जीपों में 22 से 25 मूविंग मूर्तियों के साथ श्रीराम व रावण के घनघोर युद्ध व रावण के अट्टहास का मंचन किया गया। अन्य प्रमुख झांकियों में बाल समाज मित्र मंडल (लखोली नाका) द्वारा शिव तांडव (सती देह प्रसंग), नया ढाबा समिति द्वारा राम राज्य, श्रीराम मंडल (गौरी नगर) द्वारा रावण द्वारा नवग्रहों को बंदी बनाना तथा बजरंग मंडल (शंकरपुर) द्वारा घटोत्कच वध का सजीव मंचन किया जाएगा।

### झांकी मार्ग और यातायात व्यवस्था

झांकियां शहर के निर्धारित पारंपरिक मार्गों से निकाली जाएंगी। जिसमें झांकियां मानव मंदिर चौक, महावीर चौक, गुरुद्वारा चौक और दुर्गा चौक से प्रवेश करेंगी। वहीं आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग और तिरंगा चौक होते हुए गंज चौक पहुंचेंगी। गंज चौक स्थित श्री बालाजी मंदिर के समीप नगर पालिक निगम का मुख्य झांकी निरीक्षण व सम्मान मंच स्थापित किया गया है। झांकी मार्गों पर आम नागरिकों की सुरक्षा व सुगम व्यवस्था के मद्देनजर सभी प्रकार के चारपहिया व दोपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## लगातार बारिश के चलते शुक्रवार को टली गणेश विसर्जन झांकी, आज निकलेगा भव्य कारवां



राजनांदगांव (दावा)। शहर में लगातार हो रही झमाझम बारिश के चलते इस वर्ष गणेश विसर्जन झांकी के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। मौसम की प्रतिकूलता और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और विभिन्न गणेश उत्सव समितियों की संयुक्त बैठक में 25 सितंबर (शुक्रवार) को झांकी स्थगित करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। अब मौसम साफ रहने की स्थिति में यह भव्य आयोजन शनिवार, 26 सितंबर को संपन्न होगा।

### सुरक्षा कारणों से स्थगित हुआ शुक्रवार का कार्यक्रम

शुक्रवार को आयोजित प्रशासनिक समन्वय बैठक में मौसम के मिजाज और विसर्जन मार्ग की जमीनी हकीकत पर विस्तृत मंथन हुआ।

**o प्रशासन और गणेशोत्सव समितियों की समन्वय बैठक में आम सहमति से लिया गया अहम निर्णय**
**o श्रद्धालुओं की सुरक्षा व जलभराव को देखते हुए बदला कार्यक्रम; मौसम साफ रहा तो शनिवार रात निकलेगी जगमगाती झांकियां**

लगातार जारी बारिश के कारण विसर्जन मार्ग पर जलभराव, विद्युत सज्जा में शॉर्ट सर्किट का खतरा और यातायात में व्यवधान की आशंका को देखते हुए सभी समितियों ने एकमत होकर शुक्रवार का कार्यक्रम आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। आयोजकों का मानना है कि लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है।

### यातायात व्यवस्था पर हुआ मंथन

बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और समिति प्रतिनिधियों के बीच झांकी के निर्धारित रूट, भीड़ नियंत्रण, विद्युत सुरक्षा, यातायात डायवर्जन और विसर्जन कुंडों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की गई। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि 26 सितंबर को मौसम अनुकूल रहने पर झांकियों को पूरी भव्यता और सुरक्षा के साथ निकाला जाएगा। इसके लिए पुलिस और नगर निगम द्वारा चाक-चौबंद प्रबंध किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण समन्वय बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, डीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी सहित प्रमुख गणेश समितियों के प्रतिनिधि भावेश बैद, गोलू गुप्ता, गणेश पावर एवं अन्य समितियों के पदाधिकारी व सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अवैध शराब नेटवर्क पर पुलिस का बड़ा वार : डोंगरगढ़ में 9,600 बोतलें जब्त, दो और आरोपी गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। नकली शराब लेबल, होलोग्राम एवं पैकेजिंग सामग्री से जुड़े प्रकरण में राजनांदगांव पुलिस ने अवैध शराब नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर 200 पेटी में 9,600 नग उत्तराखंड निर्मित रॉयल गोवा स्प्रिट अंग्रेजी शराब जब्त की है। शराब की मात्रा 1,728 बल्क लीटर बताई गई है। इस कार्रवाई के बाद प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में महेन्द्र वर्मा उर्फ बड़ा कट्टी (27), निवासी मोहारा और रमाशंकर राजपूत उर्फ बाबा ठाकुर (55), निवासी वैशाली नगर, भिलाई शामिल हैं।

### फार्महाउस से मिली 150 पेटी शराब

पुलिस ने रमाशंकर राजपूत की निशानदेही पर कचना, चौकी बिरेझर, जिला धमतरी स्थित फार्महाउस से 150 पेटी शराब बरामद की। इनमें 7,200 बोतलें थीं। वहीं महेन्द्र वर्मा की निशानदेही पर मोहारा में 50 पेटी यानी 2,400 बोतलें जब्त की गईं। प्रत्येक बोतल 180 एमएल की है। कार्रवाई में शराब के परिवहन और भंडारण में इस्तेमाल एक क्रेटा और एक ब्रेजा कार, साथ ही दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक जब्त सामग्री की कुल कीमत 19.05 लाख रुपए है।

### सप्लाई चेन की जांच, दूसरे लोग भी रडार पर

पुलिस की एंड-टू-एंड विवेचना में शराब के स्रोत, परिवहन, भंडारण और वितरण से जुड़े नेटवर्क की कड़ियों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार रमाशंकर राजपूत द्वारा सहयोगियों के साथ शराब मंगाकर भंडारित करने और फिर सप्लाई किए जाने के तथ्य सामने आए हैं। वहीं महेन्द्र वर्मा द्वारा मोहारा क्षेत्र में बिक्री के लिए शराब प्राप्त करना सामने आया है। पुलिस जब्त मोबाइल फोन और वाहनों से मिले डिजिटल एवं तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण कर रही है। इसके आधार पर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### 14 आरोपी गिरफ्तार, कार्रवाई जारी

प्रकरण में धारा 34(2), 36, 49(क), 59(क) आबकारी अधिनियम तथा धारा 111, 336(3), 338, 340(2), 238, 61(2), 3(5) बीएनएस के तहत विवेचना जारी है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी केशरी नंदन नायक और डीएसपी साइबर/क्राइम सत्य प्रकाश तिवारी के पर्यवेक्षण में थाना डोंगरगढ़, पुलिस चौकी मोहारा और साइबर टीम द्वारा की गई।

# कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जंगलेश्वर-धामनसरा एनीकट पहुंचकर लिया बाढ़ की स्थिति का जायजा



**o गणेश विसर्जन के दौरान उफनती नदी व एनीकट किनारे न जाने की समझाइश; निचले इलाकों में सतत निगरानी के निर्देश**
**o जिले में 3 रेस्क्यू बोट तैयार, पड़ोसी जिलों से भी मंगाई जा रही अतिरिक्त बोट; एसडीआरएफ और होमगार्ड अलर्ट मोड पर**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज जंगलेश्वर-धामनसरा एनीकट पहुंचकर जल स्तर एवं जल प्रवाह की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संभावित बाढ़ एवं जलभराव से निपटने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निचले एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए ग्रामीणों से लगातार संपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य तत्काल प्रारंभ किए जाएं। श्री गणेश विसर्जन को देखते हुए नदी एवं एनीकट क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। विसर्जन के लिए पहुंच रहे लोगों को नदी किनारे नहीं जाने तथा तेज बहाव वाले पानी के समीप खड़े नहीं होने की समझाइश दी गई। प्रशासनिक अमले द्वारा लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहकर निर्धारित एवं सुरक्षित विसर्जन स्थलों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में 3 रेस्क्यू बोट उपलब्ध हैं। आवश्यकता को देखते हुए आसपास के जिलों से भी अतिरिक्त रेस्क्यू बोट की व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किया जा सके। एसडीआरएफ एवं होमगार्ड की टीमों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। संभावित प्रभावित क्षेत्रों में कोटवार एवं सचिवों के माध्यम से गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीण को सतर्क किया जा रहा है। आपात स्थिति के लिए टॉर्च, रस्सी सहित आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई है तथा प्रभावित परिवारों के लिए आवश्यक राशन का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित किया गया है।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीम एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कंट्रोल रूम के माध्यम से चौबीसों घंटे जल स्तर एवं मौसम की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर ने आमजन से नदी, नालों, एनीकट एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के आसपास जाने से बचने और प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल जिला कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी प्रशासनिक अमले को देने कहा है।

# बरसते पानी में नया ढाबा में महापौर मधुसूदन यादव ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

### वार्ड विकास से जुड़े कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम के महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड क्रमांक 4 अंतर्गत नया ढाबा क्षेत्र का सघन दौरा कर वहां संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण व विकास कार्यों की जमीनी प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर

महापौर ने वार्ड में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति सहित बुनियादी नागरिक सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित निगम के तकनीकी व प्रशासनिक अमले को निर्देशित किया कि वार्ड के समुचित विकास और जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक कदम तत्परता से उठाए जाएं। कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा स्थानीय नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के आयुक्त जी.आर. मरकाम सहित निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी, उप अभियंता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी महापौर को अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं से अवगत कराया। जिस पर महापौर ने यथोचित समाधान का आश्वासन दिया।

# भारी बारिश का कहर : स्टेशनपारा में मकान पर गिरा विशालकाय बबूल का पेड़, महिला बाल-बाल बची

### विद्युत तारों से टकराकर मकान पर धराशायी हुआ पेड़, मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त



राजनांदगांव (दावा)। शहर में पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के चलते स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 11 में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां लगातार बारिश और नमी के कारण एक विशालकाय बबूल का वृक्ष अचानक भरभराकर स्थानीय निवासी महेन्द्र बंसोड़ के मकान पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि हादसे के समय मकान में किराए से रह रही महिला बाल-बाल बच गई, हालांकि मकान पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया है।

### तत्परता से टली जनहानि

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब पेड़ झुककर विद्युत तारों से टकराने लगा, तभी आसपास के सजग पड़ोसियों ने इसकी सूचना तत्काल मकान मालिक महेन्द्र बंसोड़ को दी। बंसोड़ ने बिना समय गंवाए फौरन विद्युत विभाग और पुलिस प्रशासन से संपर्क साधा। सूचना मिलते ही विद्युत अमले ने तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बंद कर दिया। यदि समय रहते बिजली सप्लाई बंद न की जाती, तो करंट फैलने से जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था।

### आवागमन बाधित, बिजली सप्लाई 3 घंटे ठप

विशाल पेड़ और बिजली के तारों के सड़क पर गिरने से वार्ड की संबंधित गली में आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति लगभग 3 घंटे तक बंद रही। हादसे के बाद विद्युत अमले और वार्डवासियों ने मिलकर पेड़ की टहनियों को हटाने और व्यवस्था को सुचारू करने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश के मौसम को देखते हुए शहर के रिहायशी इलाकों में स्थित अन्य जर्जर और खतरनाक पेड़ों की भी समय रहते छंटाई कराई जाए।

### राजनांदगांव जिले में अब तक 6408.7 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 6408.7 मिमी बारिश एवं औसत 915.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 898 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 947 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 1121.4 मिमी, घुमका तहसील में 747.5 मिमी, छुरिया तहसील में 847.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 1036.9 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 810.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 1121.4 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 489.5 मिमी एवं औसत 69.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 41 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 111 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 72.1 मिमी, घुमका तहसील में 82.5 मिमी, छुरिया तहसील में 65.9 मिमी, कुमरदा तहसील में 60.4 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 56.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 111 मिमी दर्ज की गई है।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर सुरक्षा छतरी व बाउंड्रीवॉल के लिए 5 लाख रुपये स्वीकृत, राजपूत समाज में हर्ष

### राजपूत समाज की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी



राजनांदगांव (दावा)। आर.के. नगर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर स्थापित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा पर सुरक्षा छतरी एवं चारों ओर बाउंड्रीवॉल (सुरक्षा घेरा) निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है। राजनांदगांव के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजपूत समाज की इस मांग को प्राथमिकता देते हुए अपनी विधायक निधि से 5,00,000 (पांच लाख रुपये) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

**छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा ने जताया विस. अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व श्रीमति वीणा सिंह का आभार**

### कलेक्टर को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव कलेक्टर को अधिकृत पत्र जारी कर नियमानुसार 5 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने एवं निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा छतरी और बाउंड्रीवॉल बन जाने से प्रतिमा धूप, बारिश और अन्य मौसमी प्रभावों से सुरक्षित रहेगी तथा परिसर का सौंदर्यीकरण भी होगा।

### राजपूत समाज ने जताया आभार

इस महत्वपूर्ण मांग के पूरा होने पर छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा एवं सर्व समाज के लोगों में भारी हर्ष व्याप्त है। समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने डॉ. रमन सिंह एवं श्रीमती वीणा सिंह के प्रति सहृदय आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद दिया है। आभार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से विष्णु बहादुर सिंह (अध्यक्ष), जय नारायण सिंह (महामंत्री), विशाल सिंह परिहार (युवा अध्यक्ष), शीला सिंह गहरवार (महिला जिलाध्यक्ष), रश्मि सिंह (शहर अध्यक्ष) सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजनों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. रमन सिंह के इस निर्णय का स्वागत करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com